रोहतक
शनिवार 9 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 94
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 39.6
न्यून. 18.0

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

07 बस चाहता हूं सभी खेलों की सफलता का जश्न मनाएं : सात्विक

SHOWROOMS: HARYANA: RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **AMBALA** Ph: 8448890326. RENAULT **BHIWANI** Ph: 8588874682. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **HISAR** Ph: 7428190240. RENAULT **JHAJJAR** Ph: 8130501404. RENAULT **JIND** Ph: 9582547926. RENAULT **KAITHAL** Ph: 9582331769. RENAULT **KARNAL** Ph: 7428190245. RENAULT **KURUKSHETRA** Ph: 8588875152. RENAULT **PANIPAT** Ph: 8588891170. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838.

राहुल ने खोली हुड्डा की पोल

हुड्डा समर्थक नेताओं ने पहले सद्भाव यात्रा को पार्टी की अधिकृत यात्रा मानने से किया था इनकार

राहुल का यात्रा में शामिल होना बड़ा संकेत, पार्टी बृजेंद्र की सक्रियता को नजरअंदाज नहीं कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को गुरुग्राम में पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में शामिल हुए। वह खांडसा चौक से एसडी स्कूल तक एक किलोमीटर पैदल चले। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। यात्रा में शामिल होकर राहुल गांधी ने एक प्रकार से हुड्डा गुट की पोल खोलने का काम किया है। दरअसल, हुड्डा समर्थक नेताओं ने पहले ही इस सद्भाव यात्रा को कांग्रेस की अधिकृत यात्रा मानने से इनकार कर दिया था। कई नेताओं ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि यह पार्टी कार्यक्रम नहीं है और इसे संगठन की मंजूरी प्राप्त नहीं है। इसके बावजूद राहुल गांधी का यात्रा में पहुंचना यह संकेत देता है कि पार्टी आलाकमान बृजेंद्र सिंह की सक्रियता को नजरअंदाज नहीं कर रहा।

सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी का पार्टी के वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा में शामिल होना हरियाणा कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति में बड़े घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में इसे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके गुट के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गांधी की मौजूदगी से बृजेंद्र सिंह को न केवल राजनीतिक मजबूती मिली है, बल्कि हरियाणा कांग्रेस में शक्ति संतुलन को लेकर नई चर्चा भी शुरू हो गई है। इससे यह संदेश भी गया कि पार्टी नेतृत्व राज्य की राजनीति में नए समीकरणों और नए चेहरों को आगे बढ़ाने के मूड में है। सद्भाव यात्रा को लेकर अब कांग्रेस के भीतर गुटबाजी और नेतृत्व की भूमिका पर बहस तेज होने की संभावना जताई जा रही है। इससे पहले बृहस्पतिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के सभी नेताओं को गुरुग्राम में सद्भाव यात्रा में शामिल होने के लिए कहा था।

मोदी ट्रंप की अनुमति के बिना एक शब्द भी नहीं बोल सकते : राहुल

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी ट्रंप की अनुमति के बिना एक शब्द भी नहीं बोल सकते। जनता में इतना आक्रोश है कि नरेंद्र मोदी का अस्तित्व ही नहीं टिकेगा। राहुल गांधी के यात्रा में शामिल होने के बावजूद कुछ वरिष्ठ कांग्रेस नेता कार्यक्रम से दूर रहे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व सांसद राज बब्बर और कई अन्य नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

राव नरेंद्र सिंह के भी सुर बदले

राहुल के सद्भाव यात्रा में पहुंचने से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र के सुर भी बदल गए है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की यात्रा है। पार्टी के नेता यात्रा में शामिल हुए है। वहीं शहर में राहुल गांधी के स्वागत के लिए लगे पोस्टरों में से यात्रा निकाल रहे बृजेंद्र सिंह के फोटो गायब है। वहीं पूर्व सांसद बृजेंद्र ने कहा,हमने राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' की तर्ज पर यह यात्रा शुरू की है। 7 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुई यह सद्भावना यात्रा 2700 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है। इस यात्रा के माध्यम से हमने लोगों को भाजपा के लोगों द्वारा फैलाई जा रही नफरत से दूर रहने का संदेश दिया है। राहुल गांधी के आगमन के साथ ही आज यह यात्रा पूरी हो गई है। आपके आने से हरियाणा के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। देश के गरीब लोग आपको अपना भविष्य मानते हैं। आप नेहरू और राजीव गांधी की दूरदृष्टि और इंदिरा गांधी का दृढ़ संकल्प रखते हैं।

हुड्डा बोले- राहुल को हरियाणा से विशेष प्यार

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, आज सबसे पहले मैं राहुल गांधी के हरियाणा में आने का स्वागत करता हूं। राहुल गांधी को हरियाणा से विशेष प्यार है। कभी वे किसान के घर खाना खाने जाते हैं। मैं उन्हें बधाई देता हूं कि उन्होंने देश के किसान, मजदूर और महिलाओं को बचा दिया। बीजेपी वाले जो तीन कानून लेकर आए थे, उन्हें आपने आगे बढ़ने से रोका है। बीजेपी महिलाओं के साथ जो चालाकी कर रही थी, महिला आरक्षण बिल को लेकर, अब बीजेपी वाले संशोधन लेकर आए, लेकिन आपने इसका विरोध किया। मैं इसके लिए आपका हार्दिक आभार प्रकट करता हूं। भारत जोड़ो यात्रा जब हरियाणा में आई थी, तब भी हरियाणा के लोगों ने बहुत प्यार दिया था।प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आपके यहां आने से हरियाणा के युवाओं में नया जोश है। आपको देश का गरीब व्यक्ति भविष्य के रूप में देख रहा है। हरियाणा का एनसीआरबी की रिपोर्ट में देश में चौथा स्थान आया है, यहां की लॉ एंड ऑर्डर की बहुत बुरी स्थिति है। बिहार भी हरियाणा से अच्छा है। हालांकि, आपने बीजेपी द्वारा किए जा रहे सारे षडयंत्रों को फेल करने का काम किया है, चाहे वह वोट चोरी का मुद्दा हो या अन्य कोई। आपके अंदर नेहरू और राजीव जैसी दूरदृष्टि है और इंदिरा जैसी दृढ़ता है। जल्द ही देश की बागडोर आपके हाथ में होगी।

खबर संक्षेप

नई दिल्ली। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 11 को मनेगा : खुल्लर

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन से प्रदेश के सभी जिलाउपायुक्तों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि आगामी 11 मई को भव्य तरीके से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जाए। इसे लेकर जिला स्तर पर सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं।

किसानों को उपलब्ध करवाए जाएंगे गेहूं के बीज

चंडीगढ़। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य सरकार ने आगामी रबी सीजन के लिए किसानों को समय पर प्रमाणित गेहूं बीज उपलब्ध करवाने हेतु अग्रिम तैयारियां शुरू कर दी हैं। हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद उन्होंने बताया कि बीज पैकिंग के लिए लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से बैग खरीदने को मंजूरी दी गई है। यह निर्णय बीज वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे कार्य में आसानी होगी।

लाडो लक्ष्मी सहित अन्य योजनाओं के 58 लाख लाभार्थियों को 2115 करोड़ जारी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए प्रो-एक्टिव मॉडल अपनाया है, जिसके तहत पात्र लोगों को बिना आवेदन और बिना सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाए घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा निवास में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान हरियाणा ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम और किसानों को व्हाट्सएप पर जे-फार्म भेजने की सुविधा की शुरुआत की। इसके साथ ही 24 विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 58 लाख 87 हजार 479 लाभार्थियों के खातों में 2 हजार 115 करोड़ 41 लाख रुपये डीबीटी के माध्यम से जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की सातवीं किस्त के रूप में 9 लाख 76 हजार महिलाओं के खातों में 205 करोड़ रुपये भेजे गए हैं। वहीं 18 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 35 लाख 62 हजार लाभार्थियों को 1 हजार 146 करोड़ 73 लाख रुपये जारी किए गए।सरकार ने अनुसूचित जाति के 64 हजार 923 विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 100 करोड़ 45 लाख रुपये जारी किए। वहीं दयालु योजना के अंतर्गत 5 हजार 677 परिवारों को 215 करोड़ 29 लाख की सहायता राशि दी गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत 11 लाख 23 हजार महिलाओं के खातों में फरवरी और मार्च माह की 38 करोड़ 54 लाख रुपये की गैस सब्सिडी भी भेजी गई है। किसानों को राहत देते हुए खरीफ फसल-2025 के नुकसान पर 1 लाख 50 हजार 583 किसानों को 370 करोड़ का मुआवजा जारी किया गया।

■ 9.76 लाख 'लाडो' के खातों में 205 करोड़ रुपये भेजे गए

पंजाब के हालात पश्चिम बंगाल से भी बुरे : नायब

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज अलग-अलग क्षेत्रों में हरियाणा व पंजाब सरकार से संबंधित तथ्यों और आंकड़ों की तुलना करते हुए पंजाब सरकार को फेल सरकार बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब के हालात तो आज पश्चिम बंगाल से भी बुरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को हरियाणा निवास में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में लाभ राशि के सीधे हस्तांतरण उपरांत प्रेस कमियों संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के शासनकाल में आम जनता पर अत्याचार होता था, लोगों को दिनदहाड़े मौत के घाट उतार दिया जाता था और पुलिस में एफआईआर तक दर्ज नहीं होती थी। कुछ ऐसे ही हालात आज पंजाब में हो गए हैं। पंजाब में नशा और कानून व्यवस्था सरकार के नियंत्रण से बाहर है। हाल ही में पंजाब में हुए बम ब्लास्ट के संबंध में पंजाब के मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि उन्हें इस बारे में कुछ पता नहीं है जबकि वहां के डीजीपी के अनुसार इसके तार आईएसआई से जुड़े हो सकते हैं। पंजाब सरकार नशे व माइनिंग को नियंत्रित करने का झूठा दिखावा कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले पंजाब के लोग कांग्रेस के भ्रष्टाचार से तंग हो गए थे, लेकिन वर्तमान पंजाब सरकार को सारे हदें पार कर दी है।

एनसीआरबी की रिपोर्ट पर आप हमलावर

बेटियां सुरक्षित नहीं : गुप्ता

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ने नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए हरियाणा की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट साबित करती है कि प्रदेश में पहले से ही लचर कानून का शासन पूरी तरह खत्म हो चुका है। गुप्ता ने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में नाबालिग लड़कियों की तस्करी के कुल मामलों में से 44% अकेले हरियाणा में ही हैं जो कि अपने आप में बहुत ही शर्मनाक है। हर दिन 2 मासूम बच्चियों का सौदा होना भाजपा सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा प्रमाण है।

अत्याचार बढ़ रहे : ढांडा

चंडीगढ़। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट में हरियाणा का नाम नाबालिग लड़कियों की तस्करी में टॉप पर आने पर आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह और भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता का सर आज शर्म से झुक गया है और इसकी वजह हरियाणा की भाजपा सरकार है। देशभर में भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। ढांडा ने कहा कि यह भाजपा की महिला विरोधी सोच के ही परिणाम हैं जिस का खामियाजा आज हरियाणा की बेटियां और जनता भुगत रही है।

गन्ने की टिश्यू कल्चर से तैयार पौध किसानों को मुफ्त मिलेगी : राणा

चंडीगढ़। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि गन्ना प्रौद्योगिकी मिशन के तहत अब 4 फुट की दूरी पर चौड़ी कतारों में गन्ना रोपण करने वाले किसानों को 5 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। पहले यह राशि 3 हजार रुपये प्रति एकड़ थी। उन्होंने बताया कि टिश्यू कल्चर तकनीक से तैयार गन्ने की पौध किसानों को मुफ्त उपलब्ध करवाई जाएगी। करनाल सहकारी चीनी मिल में तैयार की जा रही यह पौध किसान अक्तूबर से दिसंबर 2026 तक प्राप्त कर सकेंगे।उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक के बाद बताया कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा को लागू करते हुए सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। किसानों को यह राशि प्राप्त करने के लिए 15 अक्तूबर 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक पोर्टल पर आवेदन करना होगा।

■ चौड़ी कतारों में गन्ना लगाने पर अब 5 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि मिलेगी

आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-2 के कर्मचारियों को राहत

चंडीगढ़। सरकार ने आउटसोर्सिंग पॉलिसी के तहत कार्यरत कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उनके कार्यकाल में तीन महीने का और विस्तार कर दिया है। सरकार ने आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-2 के अंतर्गत स्वीकृत पदों के समक्ष विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों तथा सार्वजनिक उपक्रमों में लगे कर्मचारियों की अनुबंध अवधि 30 जून, 2026 (3 माह) तक अथवा सेवा सुरक्षा अधिनियम, 2024 का पोर्टल क्रियाशील होने तक (जो भी पहले हो) बढ़ाने का निर्णय लिया है।

सरकारी भूमि व जोहड़ों से दो माह में कब्जे हटाने के निर्देश

चंडीगढ़। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने शुक्रवार को मानेसर नगर निगम कार्यालय में एनएचएआई, एचएसवीपी, डीएचबीवीएन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और निगम अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की। वाणिज्य मंत्री ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सरकारी भूमि, जोहड़ों और गांव के मुख्य मार्गों को अगले दो महीने के भीतर कब्जा मुक्त करें।

यूपीएससी की परीक्षा 24 को, फरीदाबाद में 37 और गुरुग्राम में 52 सेंटर बने

चंडीगढ़। सरकार ने आगामी 24 मई को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा ली जाने वाली सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2026 के सुचारू संचालन के लिए सम्बन्धित जिलों में पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा के संचालन के लिए फरीदाबाद में 37 तथा गुरुग्राम में 52 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने शुक्रवार को परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गुरुग्राम और फरीदाबाद जिलों के पुलिस आयुक्त, उपायुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं, कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा इंतजामों तथा परीक्षा के निष्पक्ष एवं सुचारू संचालन से संबंधित अन्य प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने तैयारियों को लेकर वीसी से बैठक ली

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं तथा सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाकर रखा जाए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, निर्बाध बिजली आपूर्ति, सुगम परिवहन सुविधाएं और प्रभावी भीड़ प्रबंधन के लिए समय रहते सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने तथा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि परीक्षा ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी सतर्कता, ईमानदारी और पेशेवर तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि परीक्षा निष्पक्ष, शांतिपूर्ण हो सके।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	एचवीपीएनएल	वर्ष 2025-26 हेतु 132 केवी सब स्टेशन उकलाना में अतिरिक्त 1×20/25 एमवीए, 132/33 केवी की फिडिंग हेतु 132 केवी टी/एफ बे की रचना के लिए विशेष आकलन।	06.05.2026 12.05.2026	रु.23,47,214/-	www.hvpn.org.in	0172-2583789 pro@hvpn.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/44993/I/88/6 दि. 08.05.26

उद्यान विभाग, हरियाणा
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनिमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

Split AC (2 ton) सर्विस एवं गैस फिलिंग हेतु
मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर लगभग 10 Split AC (2 ton) की सर्विस एवं गैस फिलिंग करवाई जानी है, इसके लिए मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती है।

Sr. No.	Items	Work	Qty.	Rate per unit including all charges
1	Split AC (2 ton)	AC service & gas filling	10	

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 14/05/2026 दोपहर 2 बजे तक पोस्ट/कुरियर या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

नोटः-
1. उपरोक्त कार्य को फर्म का तकनीकी कर्मचारी / प्रतिनिधि केन्द्र पर कार्य को देख सकता है।
2. उपरोक्त कार्य को पूर्ण करने उपरान्त यदि छः माह के अंदर AC खराब होता है तो उसे पुनः ठीक करना होगा।
3. बिल की अदायगी कार्य करने उपरांत संबंधित फर्म के बैंक खाते में बजट की उपलब्धता अनुसार कर दी जाएगी।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1093/2027/45002/88/6 दि. 08.05.2026

उद्यान विभाग, हरियाणा
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनिमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल: Coemunimpur@gmail.com

केन्द्र पर रजनीगंधा (Tuberose) के बल्ब तथा गैंदे के बीज खरीदने हेतु
मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर रजनीगंधा (Tuberose) के लगभग 10,000 बल्ब तथा गैंदे के लगभग 40,000 बीज खरीदने हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। इस खरीद हेतू विस्तरित जानकारी इस प्रकार है।

Sr.No	Crop	Specification	Approx. Qty.	Rate per Bulb/Seed (including all charges)
1.	Tuberose	Double	10,000	
2.	Marigold	Orange colour Hybrid	30,000	
3.	Marigold	Yellow colour Hybrid	10,000	

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 14.05.2026 दोपहर 3 बजे तक पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर के कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाता डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकता है। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

बोलीदाता रजनीगंधा के बल्ब के मापदंडों जैसे कि बल्ब का आकार, माप (Proper Bulb Size- Diameter of 2 cm & above) व रोग मुक्त इत्यादि का होना सुनिश्चित करें तथा गैंदे के बीज का जमाव यदि औसतन जमाव से कम आता है तो उसकी जिम्मेवार फर्म होगी। यदि कोई बोलीदाता इन मापदंडों के अनुसार रजनीगंधा के बल्ब तथा गेंदे के बीज की सप्लाई नहीं करता है तो उसके बिल की अदायगी नहीं की जाएगी।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1092/2027/45001/88/6 दि. 08.05.2026

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank — पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआइ बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।
देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 08 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

ऋण अकाउंट नम्बर	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा पता
शाखा का नाम : अग्रोहा		
093357000370	पारस ना	आईसीआईसीआई बैंक लि., खसरा नंबर 191//11/1/2, एनएच-10 सिरसा रोड, अग्रोहा, ज़िला-हिसार, हरियाणा - 125047
शाखा का नाम : अम्बाला कैंट - गुलाटी मार्केट		
139857000083	प्रदीप सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 14/15/86, ग्रीन पार्क, गुलाटी मार्केट, महेश नगर, अंबाला कैंट, अंबाला ज़िला, हरियाणा-133001
शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा		
359562001614	राम प्रसाद	आईसीआईसीआई बैंक लि., पुलिस स्टेशन के सामने, मेन रोड, बराड़ा-133202
शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा		
359362003534	प्रीतम प्रीतम	आईसीआईसीआई बैंक लि., डी.एस.एस.-69, हुडा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, भट्टू मंडी, ज़िला फतेहाबाद, हरियाणा-125053
शाखा का नाम : फरीदाबाद-एनआईटी		
102557000400	मोहित कुमार भारद्वाज	आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 5-ए, नेहरू ग्राउंड (नेहरू पार्क), एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001
102557000287	निखिल सचदेवा	आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 5-ए, नेहरू ग्राउंड (नेहरू पार्क), एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001
शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-7		
107957000100	दुरईमुरुगन मुथु	आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ प्लॉट नंबर 43, निर्मल दीप बिल्डिंग, सेक्टर-7, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, फरीदाबाद जिला, हरियाणा-121006
शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-15 - हुडा मार्केट		
166057000047	अरविन्द सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ नंबर 62, एससीएफ नंबर 63, सेक्टर 15, मेन हुडा मार्केट, फरीदाबाद, हरियाणा-121008
शाखा का नाम : फरीदाबाद-सेक्टर-16		
008357001171	मोनिका द्वारकाप्रसाद शर्मा	आईसीआईसीआई बैंक लि., बूथ नंबर 104-105, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सेक्टर 16, फरीदाबाद, हरियाणा 121007
शाखा का नाम : गुड़गांव - न्यू रेलवे रोड		
424457000035	रामअवतार शर्मा	आईसीआईसीआई बैंक लि., 559/1-ए, ग्राउंड फ्लोर, दयानंद कॉलोनी, न्यू रेलवे रोड, गुड़गांव, हरियाणा-122001
शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर		
085857000070	विश्वजीत कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 402/451 का भाग, मुस-95, किला नंबर 105 (2-10), बादशाहपुर, गुरुग्राम, हरियाणा 122001
शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-93		
589157000004	मधुमिता चटर्जी	आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 75 और 76, जेएमएस क्रॉसवॉक, सेक्टर 93, गुरुग्राम, हरियाणा-122005
589157000005	मधुमिता चटर्जी	
शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-14		
002157001487	दीपक त्रिवेदी	आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 18 19, हुडा शॉपिंग सेंटर, सेक्टर 14 मार्केट कॉम्प्लेक्स, गुड़गांव, हरियाणा-122001
शाखा का नाम : गुरूग्राम - एमजी रोड		
433357000006	अमित कुमार द्विवेदी	आईसीआईसीआई बैंक लि., ग्राउंड फ्लोर-1, ब्लॉक-इ, वाटिका फर्स्ट इंडिया पैलेस, एमजी रोड, गुरुग्राम, हरियाणा 122001
शाखा का नाम : हिसार-सेक्टर-14		
337757000251	विरेन्द्र सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ-10, सेक्टर-14, हिसार, हरियाणा-125001
शाखा का नाम : हिसार		
017257000120	रितेश कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 5760, कमला पैलेस रोड, रेड स्क्वायर मार्केट, हिसार, हरियाणा-125001
017257000123	रितेश कुमार	
शाखा का नाम : कालांवाली, हरियाणा		
359862001590	बालकरण सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 1193, खतौनी नंबर 2623, तहसील कॉम्प्लेक्स के सामने, डबवाली रोड, कालांवाली, ज़िला सिरसा, हरियाणा-125201
शाखा का नाम : कुरुक्षेत्र		
059457000056	मुनीष कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 78, सेक्टर 17, कुरुक्षेत्र, कुरुक्षेत्र ज़िला, हरियाणा-136118
059457000089	नवदीप सिंह	
059457000129	नवदीप सिंह	
शाखा का नाम : मानेसर		
661862601310	मीनू देवी	आईसीआईसीआई बैंक लि., सेक्टर-1, हुडा शॉपिंग सेंटर, मानेसर, ज़िला गुड़गांव, हरियाणा-122050
शाखा का नाम : नरलापुर		
223362000239	गोधुरी दुर्गेश	आईसीआईसीआई बैंक लि., डोर नं. 1-100/16, नरलापुर गाँव, निजामपेट मंडल, ज़िला मेडक, तेलंगाना-
शाखा का नाम : नारनौल		
159057000136	सत्येन्द्र सिरोहा	आईसीआईसीआई बैंक लि., #843, वार्ड नंबर 1, डी.सी. आवास के सामने, महेंद्रगढ़ रोड, नारनौल, महेंद्रगढ़ जिला, हरियाणा-123001
शाखा का नाम : निसिंग, हरियाणा		
358662001672	रोबिन कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लि., 197/201-3, सिविल अस्पताल के सामने, मेन रोड, निसिंग, जिला-करनाल, हरियाणा-132024
शाखा का नाम : पलवल		
073457000108	शरद कुमार देम्बला	आईसीआईसीआई बैंक लि., 1750, न्यू कॉलोनी रोड, आगरा चौक, पलवल, हरियाणा-121102
073457000201	उमेश गोयल	
शाखा का नाम : पेहोवा		
073057000354	सुखवीर सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 403 405, वार्ड नंबर 5. न्यू कैथल रोड, पेहोवा-136128
शाखा का नाम : रेवाड़ी		
662062600885	कैलाश चंद	आईसीआईसीआई बैंक लि., 2497, नई बस्ती, जीवली बाजार, कानोड गेट, रेवाड़ी 123401
शाखा का नाम : रोहतक - सनसिटी		
724457000013	सोमिया मलिक	आईसीआईसीआई बैंक लि., ए/12, सनसिटी सुपरमार्ट, सनसिटी, सेक्टर 36, रोहतक, हरियाणा-124001
शाखा का नाम : सोनीपत-सेक्टर-15		
252657000050	देवेन्द्र	आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ-156, सेक्टर-15, सोनीपत, सोनीपत जिला, हरियाणा 131001
शाखा का नाम : टोहाना		
282857000103	जोनी जोनी	आईसीआईसीआई बैंक लि., 56सी/3, चंडीगढ़ रोड, टोहाना जिला फतेहाबाद हरियाणा-125120
शाखा का नाम : यमुनानगर- बाईपास चौक		
254357000042	अमरजीत कौर	आईसीआईसीआई बैंक लि., 1116-4, बाईपास चौक, जगाधरी रोड, यमुना नगर, हरियाणा- 135001
शाखा का नाम : खनौरी, पंजाब		
356162002158	अमित अमित	आईसीआईसीआई बैंक लि., सतनाम फिलिंग स्टेशन के पास, नरवाना रोड, खनौरी, जिला संगरूर, पंजाब-148027
शाखा का नाम : पटना - भूतनाथ रोड		
238257000078	अन्नपूर्णा रानी	आईसीआईसीआई बैंक लि., न्यू बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, भूतनाथ रोड, रोड, जिला पटना, बिहार-800026

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 09.05.2026
स्थान : फरीदाबाद, अम्बाला, गुरूग्राम, हिसार, करनाल, सिरसा, सोनीपत, महेन्द्रगढ़, रेवाड़ी, फतेहाबाद, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, पलवल, रोहतक

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

रोहतक
शनिवार 9 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 94
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 39.6
न्यून. 18.0

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

07 सिमरनजीत व साहिल ने भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा

खबर संक्षेप

निकाय चुनाव का प्रचार थमा, मतदान कल

चंडीगढ़। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका चुनावों के लिए प्रचार का शोर शुक्रवार को थम गया। रविवार को मतदान होगा। यहां बता दें कि नगर निगम अंबाला, पंचकूला और सोनीपत के सभी वार्डों के मेयर और सदस्यों के चुनाव के अलावा नगर परिषद रेवाड़ी, नगर समितियां, सांपला (रोहतक), धारूहेड़ा (रेवाड़ी) और उकलाना (हिसार) शामिल हैं। इनके अलावा टोहाना (वार्ड 17), झज्जर (वार्ड 13), राजौंद (वार्ड 11), तरावड़ी (वार्ड 8), कनीना (वार्ड 14) और सढौरा (वार्ड 9) में रिक्त सीटों के लिए वोटिंग होनी है।

जम्मू-कश्मीर के एलजी को मिले बड़े अधिकार



जम्मू। केंद्र सरकार ने जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को केंद्र शासित प्रदेश में टेलीकॉम सेवाओं पर महत्वपूर्ण नियंत्रण अधिकार प्रदान कर दिए हैं। इन अधिकारों में सार्वजनिक सुरक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में सिग्नल इंटरसेप्शन, टेलीकॉम सेवाओं का निलंबन और संदेशों को डिक्रिप्ट करने की शक्तियां शामिल हैं। इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से अधिसूचना जारी की गई। जिसमें टेलीकम्युनिकेशन एक्ट, 2023 की धारा 20 की उपधारा (2) के तहत शक्तियां दी गई हैं। (एजेंसी)

गांधीसागर अभयारण्य में मिला तेंदुए का शव

मंदसौर। जिले के गांधीसागर अभयारण्य क्षेत्र में एक तेंदुए का शव मिला है। वन विभाग ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की गाइडलाइन के अनुसार पूरे मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम, जांच और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई। मामले में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। (एजेंसी)

डीआरडीओ ने किया 'तारा' का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। स्वदेशी रूप से विकसित ग्लाइड वेपन सिस्टम 'टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन' (तारा) का पहला सफल परीक्षण उड़ान किया गया है। ओडिशा तट के पास गुरुवार को किए गए इस परीक्षण को भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय वायुसेना ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। (एजेंसी)

बंगाल में भाजपा के लिए शुभेंदु तमिलनाडु में विजय पर सस्पेंस

गवर्नर से मिले अधिकारी, सरकार बनाने का दावा पेश किया

भाषा ▶▶| कोलकाता

शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे। कोलकाता में कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक के बाद अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया। इसके बाद शुभेंदु लोकभवन में राज्यपाल से मिले और सरकार बनाने का दावा पेश किया। शुभेंदु शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे। उधर, शाह ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ममता जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए तो विकास की गुंजाइश ही नहीं रही। हम घुसपैठ, हिंसा, कट मनी खत्म करेंगे। महिला सुरक्षा टॉप प्रायोरिटी होगी। 56 साल के सुवेंदु ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया है। वे नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते। यहां से 2021 में उन्होंने ममता को हराया था।

- विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया
- अमित शाह ने उनके नाम का ऐलान किया

11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सीएम पद की शपथ लेंगे शुभेंदु, पीएम मोदी और अमित शाह भी होंगे शामिल

बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री, शाह ने शुभेंदु को माला पहनाई, गले लगाया

●

56 साल के शुभेंदु ने ममता बनर्जी को भवानीपुर से हराया

●

नंदीग्राम से भी लगातार दूसरी बार चुनाव जीते

●

भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीत बहुमत पाया



शुभेंदु बोले- संदेशखाली और आरजी कर मामले की जांच के लिए आयोग बनाएंगे

इस मौके पर शुभेंदु ने कहा कि हमारे हजारों कार्यकर्ताओं ने सालों तक हिंसा, उत्पीड़न और झूठे मामलों का सामना किया है। अब भाजपा सरकार उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का काम करेगी। महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। संदेशखाली और आरजी कर मेडिकल कॉलेज जैसे मामलों की जांच के लिए आयोग बनाएंगे।

गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार : शाह

अमित शाह ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि 100 साल की वैचारिक यात्रा के बाद गंगोत्री से गंगासागर तक, आज भाजपा की सरकार बनी है। 1950 से जिस विचार को लेकर हम निकले, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार को लेकर निकले। आज उनकी ही पार्टी की सरकार बनी। 370 हटी तो देश भर में कार्यकर्ताओं में खुशी थी। लेकिन कई कार्यकर्ताओं ने कहा था कि अभी भी एक कसक बची है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा का झंडा फहराना है। वो भी आज पूरा हो गया। हमारे विधायकों के जीत का औसत मार्जिन 28 हजार है। 3 से 77 और 77 से 207 की यात्रा अभूतपूर्व है। 9 जिलों में टीएमसी का खाता तक नहीं खुला। दीदी का सूपड़ा साफ हो गया।

थलापति ने गवर्नर को सौंपा विधायकों का समर्थन पत्र

भाषा ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर जारी राजनीतिक सस्पेंस बरकरार है। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख और एक्टर विजय मुख्यमंत्री बनेंगे। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विजय को सरकार बनाने की मंजूरी दे दी है। विजय शनिवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। विजय ने शुक्रवार को लोकभवन में लगातार तीसरे दिन राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने राज्यपाल को टीवीके, कांग्रेस, सी पी आ ई, (एम) और वीसीके के कुल 118 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में टीवीके ने 234 में से 108 सीटें जीती हैं। इनमें दो सीटों पर विजय जीते हैं। उन्हें एक सीट छोड़नी पड़ेगी। ऐसे में कुल विधायक 107 हैं। कांग्रेस के 5 और सीपीआई, सीपीआई (एम), वीसीके के 2-2 विधायकों के समर्थन से टीवीके ने बहुमत का आंकड़ा हासिल कर लिया है। इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

- वामपंथी दलों का बिना शर्त समर्थन का वादा
- कांग्रेस पहले ही कर चुकी समर्थन का ऐलान

तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर राजनीतिक असमंजस बरकरार, आज हो सकता है शपथग्रहण समारोह

विजय ने 6 और 7 मई को भी पेश किया था दावा

सरकार का गणित

कुल सीट : 234
बहुमत : 118

टीवीके, कांग्रेस, अन्य

पार्टी	सीटें
टीवीके	107
कांग्रेस	5
सीपीआई	2
सीपीआई (एम)	2
वीसीके	2
कुल	**118**

विजय कैबिनेट में वीसीके को एक और लेफ्ट को 2 मंत्रालय मिलेंगे

सूत्रों ने दावा किया है कि सरकार बनने के बाद विजय की कैबिनेट में सहयोगी दलों को भी मंत्री पद दिए जाएंगे। वीसीके को एक मंत्री पद मिल सकता है, जबकि सीपीआई और सीपीआई (एम) के लिए कुल दो मंत्री पद रखे जा सकते हैं।

टीवीके को समर्थन देने से डीएमके सांसद नाराज, लोस में नहीं बैठेंगे कांग्रेस के साथ

तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी टीवीके को समर्थन देने से नाराज द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने कांग्रेस से अपना गठबंधन खत्म कर दिया है। डीएमके ने लोकसभा में कांग्रेस सांसदों के साथ ना बैठने का फैसला किया है। सांसद कनिमोझी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को लेटर लिखकर सिटिंग अरेंजमेंट बदलने की मांग की है। कनिमोझी ने कहा कि बदलते हालातों में कांग्रेस सांसदों के साथ बैठना उचित नहीं है। लोकसभा में 22 सांसदों वाली डीएमके, विपक्षी इंडिया गठबंधन की चौथी सबसे बड़ी पार्टी है। इससे पहले इंडिया गठबंधन के लोकसभा में दूसरे सबसे बड़े दल समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को ममता बनर्जी और एमके स्टालिन से मुलाकात की थी।

सर्विस राइफल से गोली चली, सिर के आर-पार हुई

रेवाड़ी के सीआरपीएफ जवान की जम्मू-कश्मीर में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में तैनात मामड़िया आसमपुर निवासी सीआरपीएफ के जवान सतीश ने गत 7 मई की शाम ड्यूटी के दौरान खुद की इंसास राइफल से गोली चलने से मौत हो गई थी। उनका पार्थिव शरीर शुक्रवार को पैतृक गांव पहुंचा, जहां ससम्मान अंतिम संस्कार कर दिया गया। बड़ी संख्या में गांव के लोगों ने अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। सीआरपीएफ की टुकड़ी ने सतीश को सलामी दी। सीआरपीएफ की 164 बटालियन में सिपाही के पद पर तैनात लगभग 40 वर्षीय सतीश एक माह पहले ही छुट्टी काटने के बाद ड्यूटी पर लौटा था। उसके परिवार में मां, पत्नी सुमन देवी व तीन बच्चे हैं। पिता का लगभग एक साल पहले निधन हो चुका है। परिजनों के अनुसार सतीश ने वीरवार शाम करीब 7 बजे अपनी पत्नी सुमन से आखिरी बार फोन पर बात की थी। उसके 47 मिनट बाद ही खुद की राइफल से गोली चल गई। सिर में गोली लगने के कारण सतीश की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना से पौना घंटा पहले परिवार से हुई थी बात

ट्रंप बोले, डील नहीं की तो और हमले करेंगे

अमेरिका ने तोड़ा सीजफायर ईरान पर फिर की बमबारी

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी ने सीजफायर तोड़ते हुए ईरान पर फिर बमबारी की है। ईरान ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने सीजफायर के बीच यह कार्रवाई की। दरअसल, अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया है। इसके बाद ईरान ने बिना किसी हिचकिचाहट के करारा जवाब देने की चेतावनी दी है। खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी सेना ने जास्क के पास ईरानी समुद्री इलाके से होर्मुज स्ट्रेट की ओर जा रहे एक तेल टैंकर को निशाना बनाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर तेहरान डील नहीं करता तो हम फिर हमले करेंगे। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ट्रंप ने बताया कि ईरान ने अमेरिकी जंगी जहाजों पर हमला किया था।

अमेरिकी सेना ने ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया, ईरान ने भी मिसाइल और ड्रोन दागे

हमले में गुजराती जहाज डूबा, भारतीय की मौत

ईरान और अमेरिका की नेवी के बीच बीती रात हॉर्मुज स्ट्रेट में हुई फायरिंग की चपेट में गुजरात का एक मालवाहक जहाज डूब गया। यह जहाज गुजरात के द्वारका जिले के सलाया का था। हादसे में जहाज के इंजन रूम में काम कर रहे अल्ताफ तालब केर नाम के भारतीय क्रू की मौत हो गई, जबकि बाकी 17 क्रू को बचा लिया गया। जहाज में 18 लोग सवार थे।

मंत्री कृष्ण लाल पंवार सड़क दुर्घटना में घायल

पानीपत। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार शुक्रवार को पानीपत में सड़क हादसे में घायल हो गए। जीटी रोड पर पंवार के काफिले में शामिल गाड़ियां आपस में टकरा गईं। पंवार की इनोवा कार का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। हादसे के तुरंत बाद उनके सुरक्षाकर्मियों और आसपास के लोगों ने मंत्री को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें सिविल अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। हादसे की सूचना मिलते ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, शहरी विधायक प्रमोद विज, अस्पताल पहुंचे। एसपी भूपेंद्र सिंह ने बताया- आरोपी स्विफ्ट डिजायर कार के ड्राइवर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं, उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र दहिया ने बताया कि पंवार की सभी रिपोर्ट नॉर्मल हैं। जल्द उन्हें डिस्चार्ज किया जाएगा।

- पानीपत में काफिले की गाड़ियां टकराईं, अस्पताल में भर्ती

अब तक पांच केस मिले, 3 की मौत

जिस जहाज पर हंतावायरस फैला, उस पर 2 भारतीय

एजेंसी ▶▶| प्राया

अटलांटिक महासागर में क्रूज शिप एमवी होंडियस पर 2 भारतीय नागरिक शामिल है। यह वही शिप हैं, जिस पर हंतावायरस फैला है। अब तक जहाज पर हंतावायरस संक्रमण के पांच मामलों की पुष्टि हुई है और 3 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, नीदरलैंड की लीडेन यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में भर्ती हंतावायरस मरीज का इलाज कर रहीं डॉक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा कि यह वायरस कोरोना जैसा नहीं है। हंतावायरस का इंसान से इंसान में फैलना आसान नहीं है। इसका ट्रांसमिशन कोरोना की तुलना में काफी मुश्किल है। डच फ्लैग वाला यह जहाज स्पेन जा रहा है। यह 10 मई तक स्पेन के कैनरी आइलैंड तक पहुंच सकता है, जहां जहाज पर मौजूद सभी यात्रियों की जांच होगी। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि घटना गंभीर है, लेकिन फिलहाल आम लोगों के लिए खतरा कम माना जा रहा है।

- डब्ल्यूएचओ ने कहा कि घटना गंभीर है, लेकिन फिलहाल आम लोगों के लिए खतरा कम

मरीजों को रखा जा रहा आइसोलेशन में

डॉक्टर करिन एलेन वेल्डकैंप ने कहा, ऐसे मामलों में संक्रमित मरीजों को अलग आइसोलेशन रूम में रखा जाता है। ट्रेंड स्टाफ उनकी देखभाल करता है। मरीजों को तब तक आइसोलेशन में रखा जाता है, जब तक उनमें लक्षण दिखाई देते हैं। हालत सुधरने के बाद उनका टेस्ट किया जाता है। अगर रिपोर्ट नेगेटिव आती है तो आइसोलेशन हटाया जा सकता है। हार्वर्ड के प्रोफेसर एलन ने बताया कि हंतावायरस से संक्रमित लोगों को 40 दिनों के लिए क्वारंटाइन में रखा गया है।

इंस्टाग्राम से हटा एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन

प्राइवेसी के सबसे मजबूत 'सुरक्षा कवच' का अंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डिजिटल दुनिया में निजता को लेकर चल रही बहस के बीच मेटा ने इंस्टाग्राम यूजर्स को बड़ा झटका दिया है। इंस्टाग्राम ने अपने प्लेटफॉर्म से सबसे सुरक्षित माने जाने वाले 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन' फीचर को पूरी तरह हटाने का फैसला किया है। इस बदलाव के बाद करोड़ों यूजर्स की व्यक्तिगत बातचीत और साझा किए गए मीडिया फाइल्स की सुरक्षा का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा। अब तक 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन' यह सुनिश्चित करता था कि आपके मैसेज केवल भेजने वाले और प्राप्त करने वाले ही पढ़ सकें। यहां तक कि मेटा भी इन्हें एक्सेस नहीं कर सकती थी। लेकिन अब इंस्टाग्राम 'स्टैंडर्ड एन्क्रिप्शन' पर शिफ्ट हो रहा है। इसका सीधा मतलब है कि जरूरत पड़ने पर कंपनी या सर्विस प्रोवाइडर आपकी चैट, फोटो और वीडियो तक पहुँच बना सकते हैं। यह ठीक उसी तरह काम करेगा जैसे जीमेल या अन्य सामान्य मैसेजिंग सेवाएं करती हैं।

- तकनीकी विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जताई

कल से बदलेगा मौसम आंधी-बारिश का अलर्ट

हिसार (हरिभूमि न्यूज)। प्रदेश में रविवार से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई इलाकों में आंधी और बारिश की संभावना बन रही है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश होने से एकबार फिर तापमान में गिरावट आएगी। मई माह में अभी तक बार-बार मौसम बदलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई है। शुक्रवार को सिरसा में सबसे अधिक 39.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया जो कि सामान्य से चार डिग्री कम है। वहीं रोहतक में सबसे कम 18 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया जो कि सामान्य से 3 डिग्री कम है।

- आज खुश्क रहेगा मौसम
- एक और पश्चिमी विक्षोभ होगा सक्रिय

बीसीसीआई ने सख्त नियम किए लागू, मालिकों पर भी रहेगी नजर

आईपीएल : खिलाड़ियों की हनी ट्रैपिंग का खतरा होटल, डगआउट में बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक

सुरक्षा को लेकर पहले भी रहे हैं सख्त नियम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल में हनी ट्रैप, खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर बीसीसीआई ने सख्त नियम लागू किए हैं। बोर्ड ने इन खतरों से बचाने के लिए खिलाड़ियों के होटल रूम, बस और डगआउट में बिना अनुमति बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी है। फ्रेंचाइजी मालिकों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। बीसीसीआई की एंटी करप्शन एंड सिक्योरिटी यूनिट (एसीएसयू) की रिपोर्ट के मुताबिक कई मैचों के दौरान टीम के डगआउट, होटल और टीम बस में ऐसे लोग देखे गए, जिन्हें वहां रहने की अनुमति नहीं थी। यह प्रोटोकॉल उल्लंघन का मामला है। 2013 में स्पॉट फिक्सिंग मामला सामने आने के बाद बीसीसीआई ने यह सख्ती बढ़ाई है।

वेपिंग और ई-सिगरेट पर पूरी तरह बैन

आईपीएल 2026 में वेपिंग के मामले भी सामने आए हैं। इस मामले में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर जुर्माना भी लगाया था। पंजाब किंग्स के युजवेंद्र चहल का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। चहल ने इसकी पुष्टि या खंडन नहीं किया है। बोर्ड ने इस सबके बाद आईपीएल से जुड़े सभी स्थानों ड्रेसिंग रूम, होटल और प्रैक्टिस एरिया में वेपिंग और ई-सिगरेट के इस्तेमाल पर भी सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। बता दें कि वेपिंग और ई-सिगरेट भारतीय कानून के तहत पहले से ही बैन हैं।

मैनेजर की लिखित मंजूरी

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने सभी फ्रेंचाइजी को भेजे निर्देश में कहा कि अब किसी भी खिलाड़ी या स्टाफ के कमरे में कोई मेहमान टीम मैनेजर की लिखित मंजूरी के बाद ही एंट्री कर सकेगा। खिलाड़ियों और स्टाफ को होटल से अनियमित समय पर बाहर जाने से भी रोका गया है। अगर बाहर जाना जरूरी हो, तो सिक्योरिटी लायजन ऑफिसर और टीम इंटीग्रिटी ऑफिसर को पहले से सूचना देनी होगी।

मैच के दौरान मालिकों की एंट्री सीमित

बीसीसीआई ने यह भी कहा है कि मैच के दौरान फ्रेंचाइजी मालिक, खिलाड़ियों या टीम स्टाफ से सीधे संपर्क नहीं कर सकते। ड्रेसिंग रूम, डगआउट या मैदान में जाकर बातचीत करना भी नियमों के खिलाफ होगा।

जुर्माना या सस्पेंशन संभव

बीसीसीआई ने फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों को चेतावनी दी है कि इन नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना, सस्पेंशन या डिस्क्वालिफिकेशन की कार्रवाई की जा सकती है। सभी नियमों का सख्ती से पालन करें

खबर संक्षेप

खेत में नीचे झुके तारों से करंट लगने पर किसान की मौत, केस दर्ज

पलवल। पारौली गांव में बिजली कर्मियों की कथित लापरवाही से 23 वर्षीय किसान बंशीलाल की मौत हो गई। वह अपने पिता कुमरपाल के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेतों में गोबर की खाद डाल रहा था। इसी दौरान खेत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार किलोवाट की बिजली लाइन के तार बंशीलाल को छू गए और उसकी मौत हो गई। कलवाका गांव स्थित फीडर से पारौली गांव के खेतों को बिजली आपूर्ति करने वाली यह लाइन जमीन से मात्र छह-सात फुट ऊपर थी। मृतक के पिता कुमरपाल ने बताया कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग को इन नीचे झुके तारों के बारे में मौखिक शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। मृतक बंशीलाल के दो छोटे बच्चे हैं। पिता ने बिजली निगम के कर्मचारियों की लापरवाही को हादसे का कारण बताया है। गदपुरी थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात बिजली कर्मियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

घर की छत गिरी, बच्चे की मौत, मां-भाई गंभीर

पानीपत। पानीपत के गांव पसीना खुर्द में रविंद्र के घर के एक कमरे की छत नीचे गिर गई। हादसे में रविंद्र के चार वर्षीय पुत्र आयुष की मलबे में दबने से मौत हो गई। जबकि सात वर्षीय दूसरा बेटा साहिल व 30 वर्षीय पत्नी सोनिया घायल हो गई। हादसे के समय दोपहर को तीनों कमरे की अंदर से कुंडी लगाकर सो रहे थे। दूसरी ओर, पड़ोसियों ने छत गिरने की आवाज सुनी और मौके पर पहुंचे, दरवाजा तोड़कर तीनों को मलबे से निकाला। वहीं, कमरे के बीच में लोहे का गाटर बीच से टूट गया और इस पर टिकी लकड़ी की कड़ियां और इनके ऊपर बिछी मिट्टी आदि तीनों पर गिर गई।

सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती का खौफनाक अंत

प्यार नहीं चढ़ा परवान तो युवती की हत्या कर सुसाइड की कोशिश की

- स्नैपचैट पर चार माह पहले हुई दोस्ती, टोहाना से युवती को मिलने आया था
- युवती का गला काटकर खुद के भी गले और हाथ पर किए वार, युवक अस्पताल में भर्ती
- युवक का तर्क-दोनों का साथ रहना मुमकिन नहीं था तो मरने की ठानी

अस्पताल में भर्ती आरोपी युवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सोशल मीडिया पर करीब चार माह पहले हुई दोस्ती का खौफनाक अंत हुआ। टोहाना से युवक यहां देवीलाल पार्क के साथ गुजर रही माइनर के किनारे एक युवती से मिलने आया। यहां उसने युवती की गला रेतकर हत्या कर दी और खुद का भी गला और हाथ काट लिया। युवक की हालत गंभीर है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। पूरी वारदात का खुलासा युवक से पूछताछ के बाद ही हो पाएगा।

घटनाक्रम शुक्रवार दोपहर का है। सूचना पाकर सेक्टर-6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची। देखा तो माइनर किनारे एक युवती मृत हालत में थी और उसका गला कटा हुआ था। साथ ही एक युवक भी लहुलूहान अवस्था में पड़ा था। उसे बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। डीसीपी मयंक मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर हालातों का जायजा लिया और फॉरेंसिक टीम भी जांच के लिए बुलाई गई। मृतका की पहचान करीब 18 वर्षीय मधु के रूप में हुई है। बिहार मूल की यह लड़की यहां शक्ति नगर में रहती थी, जबकि घायल युवक अभिषेक टोहाना का रहने वाला है। अभिषेक इलेक्ट्रिशियन व प्लंबर का कार्य करता था।

पुलिस को चाकू की तलाश

जनवरी माह में इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म स्नैपचैट पर दोनों की मुलाकात हुई। दोनों में बातचीत होने लगी तो सिलसिला आगे बढ़ा। युवती से मिलने के लिए अभिषेक टोहाना से रेल के जरिये बहादुरगढ़ आया और यहां देवीलाल पार्क में युवती से मुलाकात की। इसी दौरान घटनाक्रम हुआ और पुलिस को युवती की हत्या तथा युवक के घायल होने की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो युवती मृत हालत में थी, उसका गला कटा हुआ था, जबकि अभिषेक गंभीर हालत में तड़प रहा था। उसकी कलाई और गर्दन पर गहरे घाव थे। उसे अस्पताल में ले जाया गया। सूचना पाकर डीसीपी मयंक मिश्रा व सेक्टर-6 थाना प्रभारी जयभगवान सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। हालातों को देखकर पुलिस ने अनुमान लगाया कि प्रेम प्रसंग के इस मामले में वारदात को अंजाम घायल अभिषेक ने ही दिया है। युवक ने यह तर्क दिया है कि वे दोनों साथ रहना चाहते थे, लेकिन यह सब मुमकिन नहीं हो पाया तो उन्होंने एक साथ दुनिया से रुखस्त होने का फैसला किया, जिसके चलते यह घटनाक्रम हुआ। वारदात कड़वाहट में हुई या फिर मजबूरी में, ये जांच का विषय है। वजह जो भी हो लेकिन युवक पूरी तैयारी के साथ आया था। वह अपने साथ ही चाकू लेकर आया था। युवक से पूछताछ के बाद पुलिस मामले में असल खुलासा कर सकेगी। वारदात में प्रयोग किए चाकू को भी पुलिस तलाश रही है।

मुलाना में मुठभेड़ के बाद दो बदमाश किए गिरफ्तार

मुलाना। अम्बाला सीआईए स्टाफ-1 ने शुक्रवार की देर शाम दो संदिग्ध युवकों को मुठभेड़ के बाद मुलाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। सीआईए स्टाफ-1 के एसआई संजीव कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर शाम करीब 7 बजे साहा-शाहजादपुर टी-प्वाइंट के पास मौजूद थे। इसी दौरान सूचना पर बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार दो मुंह ढके युवक संदिग्ध हालात में मिले। पुलिस को देखते ही दोनों युवक मोटरसाइकिल लेकर मुलाना की तरफ फरार हो गए। बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। उनमें से एक युवक पिस्तौल लेकर खेतों की तरफ भागने लगा। उसने पुलिस पर फायरिंग की, जबकि जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोनीश पुत्र इमरान तथा रिहान पुत्र इमरान निवासी गांव चिलकाना, जिला सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। दोनों घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल मुलाना भेजा गया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हथियार और बाइक बरामद की है।

मेरी फसल मेरा ब्योरा के नाम पर फर्जीवाड़ा

श्मशान की जमीन का पंजीकरण करवा मंडी में बेची फसल, 2 सरपंच सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिले की दो ग्राम पंचायतों में फसल पंजीकरण के नाम पर बड़ा घोटाला सामने आया है। जांच में खुलासा हुआ है कि श्मशान घाट, स्कूल, गोचरांद और बंजर जमीन तक को "मेरी फसल मेरा ब्योरा" पोर्टल पर गेहूं और धान की फसल के रूप में दर्ज कर आर्थिक लाभ लिया गया। जिला उपायुक्त ने ग्राम पंचायत अमूपुर और सांभली के सरपंचों को निलंबित कर दिया है। साथ ही एसडीएम नीलोखेड़ी को जांच अधिकारी नियुक्त कर 30 दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। गांव सांभली निवासी पंच बलराज शर्मा ने 9 जुलाई 2025 को जिला उपायुक्त को शिकायत देकर आरोप लगाए। शिकायत में कहा गया कि सरकारी जमीन पर कागजों में फसल उगाकर उसे मंडी तक पहुंचाया गया और बेच भी दिया गया। जांच में आरोपों की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट के अनुसार, गांव अमूपुर में कुल करीब 94 एकड़ जमीन थी। आरोप है कि पूरी जमीन को ईश्वर चंद के नाम पोर्टल कर दिया गया, जबकि वास्तविक खेती करने वाला कोई अन्य व्यक्ति था। गांव सांभली में कुल 48 एकड़ 7 कनाल 19 मरले जमीन दर्ज थी। इसमें से 30 एकड़ 3 कनाल 1 मरला जमीन गैर काश्त या गैर मुमकिन थी। पूरी जमीन ईश्वर, उसके पुत्र नवीन कुमार और प्रभुदयाल पुनम के नाम दर्ज कर दी गई। ईश्वर किसान न होकर आढ़ती है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आबिद** पुत्र इलियास, निवासी ग्राम जमाल गढ़, थाना पुहाना, जिला मेवात, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 13086/2016 धारा 379/411 भा.द.स., थाना वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आबिद** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आबिद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 13086/2016 धारा 379/411 भा.द.स., थाना वेलकम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आबिद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **30.06.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री दीपाक्षी राणा,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03,
कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/5940/NE/2026

मिलर्स ने सरकारी धान न लौटा 8 करोड़ की चपत लगाई, केस

कुरुक्षेत्र। पिहोवा में सरकारी धान की मिलिंग और कस्टम मिल्ड राइस डिलीवरी में गड़बड़ी पाए जाने पर मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि सरकारी धान का दुरुपयोग कर सरकार को ब्याज समेत करीब 8 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान पहुंचाया गया। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर लविश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पार्टनर नवदीप सिंह और जगमाल सिंह की मिल को साल 2023-24 में पैक्स के जरिए सरकारी धान आवंटित किया गया था। करीब 64,993 क्विंटल धान मिलिंग के लिए दिया गया। मिल प्रबंधन को इसके बदले भारतीय खाद्य निगम में 67 प्रतिशत यानी करीब 43,545 क्विंटल चावल जमा करवाना था, लेकिन जांच में सामने आया कि मिल ने करीब 24,660 क्विंटल चावल ही जमा करवाया। करीब 18,885 क्विंटल चावल की डिलीवरी लंबित पाई गई। सरकार की तय समय सीमा 30 जून, 2024 तक डिलीवरी पूरी नहीं की गई। बाद में सितंबर 2024 तक अतिरिक्त समय दिया गया, लेकिन तब भी 100 प्रतिशत चावल फिर भी जमा नहीं कराया गया। हालांकि नोटिस के बाद करीब 49 लाख रुपये की राशि जमा करवाई गई।

गेहूं खरीद में गड़बड़ी, 7 आढ़तियों पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला प्रशासन ने गेहूं खरीद प्रक्रिया में धोखाधड़ी और अनियमितता बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में सात आढ़तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि करनाल और इंद्री अनाज मंडी में उत्तरप्रदेश से गेहूं आने के मामले सामने आए थे। जांच में पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने करनाल अनाज मंडी में एक आढ़ती तथा ब्याना और इंद्री अनाज मंडी में पांच आढ़तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

गेहूं की बोरियों में ईंटें भरकर बढ़ाया वजन

मार्केट कमेटी कुंजपुरा के सचिव बलवान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 अप्रैल को मंडी में गेहूं की बोरियों की औचक जांच की जा रही थी। जब फर्म एम/एस मनोहर लाल दीपक कुमार के स्टॉक की बोरियां खोली गईं तो अधिकारी दंग रह गए। बोरियों के भीतर वजन बढ़ाने के लिए गेहूं के साथ बड़े पैमाने पर ईंटें भरी हुई थीं। मार्केट कमेटी द्वारा फर्म पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि मंडी एसोसिएशन ने भी मंडी की साख खराब करने के आरोप में 20 हजार रुपये का अतिरिक्त दंड लगाया। इसके साथ ही, लाइसेंस की शर्तों के तहत कार्रवाई करते हुए फर्म का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। थाना कुंजपुरा पुलिस ने आरोपी आढ़ती दीपक वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रजिस्ट्री सं० डी० एल० – 33004/99 REGD. NO. D. L. - 33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-17032026-271018
CG-DL-E-17032026-271018
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग-II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1325] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 17, 2026/फाल्गुन 26, 1947
No.1325] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 17, 2026/PHALGUNA 26, 1947

रेल मंत्रालय
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
नई दिल्ली, 17 मार्च, 2026

का.आ. 1384 (अ). – केन्द्रीय सरकार रेलवे (संशोधन) अधिनियम-2008 की धारा 2 के खंड (37-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से **"रामा मंडी से सदासिंह वाला वाया तलवंडी साबो नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन (35.907 कि०मी०)"**, के निर्माण में लोक प्रयोजन के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना उपबंधित कराने हेतु, पंजाब राज्य के 02 जिलों मांसा एवं भटिंडा में 179.69 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण हेतु **"विशेष रेल परियोजना"** के रूप में अधिसूचित करती है।

[फा. सं. 190-W/Land/UMB/Rama Mandi-Sadda Singhwala]
शैलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)
1543/26

डीएमसी में नाम ठीक करवाने के 50 हजार लेता स्कूल संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शिक्षा की आड़ में भ्रष्टाचार का खेल खेल रहे एक निजी स्कूल संचालक को विजिलेंस की टीम ने 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हरिओम हुड्डा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से रोहतक का रहने वाला है और पिछले कई वर्षों से बडसीकरी गांव में गीता निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल चला रहा है। विजिलेंस की इस अचानक हुई कार्रवाई से क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में हड़कंप मच गया है। मामले के अनुसार, कैथल के खुराना रोड निवासी रामचंद्र की पुत्रवधु की मार्कशीट में नाम गलत दर्ज था, जिससे उनकी आईडी बनने में तकनीकी दिक्कतें आ रही थीं। जब रामचंद्र ने इस त्रुटि को सुधरवाने के लिए स्कूल संचालक हरिओम से संपर्क किया तो उसने इस काम के बदले 75 हजार रुपये की मांग की। काफी मान-मनुहार के बाद सौदा 50 हजार रुपये में तय हुआ। परेशान होकर रामचंद्र ने इसकी सूचना जिला विजिलेंस विभाग को दी, जिसके बाद टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। विजिलेंस टीम के प्रभारी सूबे सिंह के नेतृत्व में रणनीति के तहत शिकायतकर्ता को पाउडर लगे हुए नोट देकर स्कूल भेजा गया। जैसे ही रामचंद्र ने रिश्वत की राशि आरोपी हरिओम हुड्डा को सौंपी, इशारा मिलते ही टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। जब आरोपी के हाथ धुलवाए गए तो नोटों पर लगे केमिकल के कारण उनका रंग लाल हो गया, जिससे अपराध की पुष्टि हो गई। विजिलेंस टीम आरोपी को हिरासत में लेकर आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए अपने साथ ले गई है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

रजिस्ट्री सं० डी० एल० – 33004/99 REGD. NO. D. L. - 33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-16032026-270975
CG-DL-E-16032026-270975
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग-II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1303] नई दिल्ली, सोमवार, मार्च 16, 2026/फाल्गुन 25, 1947
No.1303] NEW DELHI, MONDAY, MARCH 16, 2026/PHALGUNA 25, 1947

रेल मंत्रालय
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
नई दिल्ली, 14 मार्च, 2026

का.आ. 1362 (अ). – केन्द्रीय सरकार रेलवे (संशोधन) अधिनियम-2008 की धारा 2 के खंड (37-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से **"उत्तर रेलवे के न्यू शम्भू स्टेशन से कौली स्टेशन तक डी०एफ०सी०सी०आई०एल० हेतु राजपुरा बाईपास लाईन (13.46 कि.मी.)"**, के निर्माण में लोक प्रयोजन के लिए राष्ट्रीय अवसंरचना उपबंधित कराने हेतु, पंजाब राज्य के जनपद पटियाला में लगभग **49.383 हेक्टेयर भूमि** अधिग्रहण हेतु **"विशेष रेल परियोजना"** के रूप में अधिसूचित करती है।

[फा. सं. 190-W/Land/UMB/Rajpura Bypass Line]
शैलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
1544/26

SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(Human Resources Division -II)
(मानव संसाधन प्रभाग -11)

Jawaharlal Nehru Stadium
Complex (East Gate-10)
Lodhi Road, New Delhi-110003

F.No. 01-04001(03)/1/2026/262 Date: 30-04-2026

CORRIGENDUM

भारतीय खेल प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक निदेशक के पद पर नियुक्ति के संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में 15 दिनों का विस्तार।

APPOINTMENT TO THE POST OF ASSISTANT DIRECTOR ON DEPUTATION BASIS IN SPORTS AUTHORITY OF INDIA REG EXTENSION IN CLOSING DATE FOR SUBMISSION OF APPLICATIONS BY 15 DAYS.

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है तथा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है, द्वारा सहायक निदेशक के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सम संख्या के विज्ञापन दिनांक 23.03.2026 के क्रम में, उक्त पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 15 दिनों के लिए बढ़ाया जाता है, अर्थात अब आवेदन दिनांक 15.05.2026 को सायं 05:00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। विज्ञापन की अन्य सभी शर्तें एवं प्रावधान यथावत रहेंगे।

SAI is an autonomous organization under the Ministry of Youth Affairs & Sports (MYAS) registered under the Societies Registration Act, 1860, invites application from eligible candidates for appointment to the post of Assistant Director on deputation basis. In continuation to the advertisement of even number dated 23-03-2026, the closing date for submission of applications for the post of Assistant Director is hereby extended by 15 days (ie up to 15-05-2026) (05.00 PM). The remaining clauses stand valid.

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन दिनांक 15.05.2026 तक या उससे पूर्व "निदेशक (HRD-II) का कार्यालय, अक्ष संख्या 210, द्वितीय उल, भारतीय खेल प्राधिकरण, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम (गेट-10), लोदी रोड, नई दिल्ली-110003" में प्राप्त हो जाने चाहिए अथवा ई-मेल "recruitment.cell.sai@gov.in" पर प्रेषित किए जा सकते हैं। विस्तृत विचरण एवं आवेदन प्रपत्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की वेबसाइट www.yas.nic.in तथा भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट www.sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध है।

The application complete in all aspects should reach to the O/o" Director (HRD-II), Room No. 210 2nd Floor, Sports Authority of India, Jawaharlal Nehru Stadium (Gate-10), Lodhi Road, New Delhi-110003 on or before 15-05-2026 or on mail "recruitment.cell.sai@gov.in". The details and application form is available on website of the Ministry of Youth Affairs & Sports www.yas.nic.in and SAI i.e. www.sportsauthorityofindia.nic.in

हस्ता/-उप-निदेशक (मानव संराचन प्रभाग -11)
भारतीय खेल प्राधिकरण मुख्यालय
DEPUTY DIRECTOR (HRD-11)
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

CBC 47103/11/0011/2627

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।



सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

टैंकरों से तेल चोरी का भंडाफोड़

रेवाड़ी। थाना सदर पुलिस गंगायचा टोल प्लाजा के पास एक पुराने टीन शेड में टैंकरों से तेल चोरी करने के बाद उसकी कालाबाजारी करने के मामले का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने एक हजार लीटर पेट्रोल, पिकअप गाड़ी और तेल निकालने के उपकरण कब्जे में लिए हैं। सूचना पर सदर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर एक पिकअप गाड़ी में ड्रमों में भरा 1 हजार लीटर पेट्रोल बरामद किया। मौके से तेल निकालने वाली पाइप, 2 बड़ी प्लास्टिक की बाल्टियां व छोटा जनरेटर बरामद किए गए। पुलिस ने इस मामले में भवाड़ी निवासी अमन को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके साथी मौका पाकर फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को पेट्रोल पकड़े जाने की सूचना दी। इसके बाद विभाग के एसआई मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने पेट्रोल के सैंपल लेने के बाद उन्हें जांच के लिए लैब भिजवा दिया।

कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार/सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन	कुल बकाया देय (रु.)	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री भरत चांदला अबिटुर स्पोर्ट्स साइंस एकेडमी प्राईवेट लिमिटेड श्रीमती पूजा वालिया (प्रोस्पैक्ट नं. IL10760144)	गांव - मीरापुर भक्षीवाला, तहसील कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा-134102 में स्थित खसरा नं. 330 (1-0), हदबस्त नं. 194 किता 1 के तहत निहित खाता नं. 190/233 वाली सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2988.00, 1395.00, 1225.50	रु. 2982355.18/- रुपये उनतीस लाख बयासी हजार तीन सौ पचपन केवल)	04-02-2026	05-05-2026

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 09.05.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

शब्द पहेली - 6220



बाएँ से दाएँ
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

ऊपर से नीचे
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाडी-2
39.पत्नी की बहन-2

शब्द पहेली- 6219 का हल

अ	ना	द	र	णी	य		प्र	क्षे	प	क
सं	ग		वे		कृ	पा	ण		र	म
वै		अ	दा	व	त		य	हां		जो
धा	रा	दा	र			अ		का	त	र
नि		व		प्र	क्षा	ल	न		म	
क	म	त	र	ता		सा	ग	र	गा	मी
	लि		स	र	मा	या		द		न
बे	का	बू		णा			व	न	वा	सी
क		आ	स		अ	द	र	क		लै
द	म		ब	हा	र		दा		ता	व
र	सा	त	ल		ज	ही	न	कु	श	ल



मेवात से चल रहा था फेक एयरफोर्स साइबर गैंग, दिल्ली पुलिस ने 4 आरोपियों को दबोचा

बुलंदशहर व अलीगढ़ से खरीदे थे सिम -इनका इस्तेमाल नूंह में किया जा रहा था

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मेवात आधारित एक साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसके सदस्य कथित तौर पर भारतीय वायुसेना के अधिकारी बनकर व्यापारियों के साथ ठगी कर रहे थे।

पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस मामले में सिम कार्ड

उपलब्ध कराने वाले और बिचौलियों सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह के बारे में तब पता चला जब एक शिकायतकर्ता ने अपराध शाखा से संपर्क कर आरोप लगाया कि औद्योगिक श्रेणी की सामग्री 'एल्यूमिनस लैटेराइट' की आपूर्ति के बहाने उससे पांच लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई।

ऐसे हुआ खुलासा

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि आरोपियों ने कथित तौर पर सेना और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकरी बनकर पीड़ित का विश्वास जीतने के लिए जाली खरीद ऑर्डर भेजे।' शिकायतकर्ता को सामग्री वायुसेना स्टेशन भेजने के लिए कहा गया और बाद में उसे उसका नाम मंजूरी प्राप्त विक्रेताओं की सूची में नहीं है। गड़बड़ी की आशंका होने पर शिकायतकर्ता ने पुलिस को सूचना दी। धोखाधड़ी में इस्तेमाल हुए सिम बुलंदशहर और अलीगढ़ में जारी किए गए थे, जबकि तकनीकी निगरानी से पता चला कि इनका इस्तेमाल नूंह में स्थित कुछ खास स्थानों पर किया जा रहा था।

केदारनाथ मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में शुक्रवारको केदारनाथ मंदिर परिसर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी, क्योंकि आसपास के पहाड़ों पर ताजी बर्फबारी हुई थी। केदारनाथ धाम में कपाट खुलने के साथ ही आस्था का सैलाब देखने को मिला। हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे. हालांकि भारी भीड़ के कारण लंबा इंतजार भी करना पड़ा। प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए हैं।

नासिक टीसीएस कांड

फरार चल रही आरोपी निदा खान छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नासिक

बहुराष्ट्रीय कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में महिलाओं के यौन उत्पीड़न और मतांतरण मामले में आरोपित निदा खान को गुरुवार को छत्रपति संभाजीनगर से गिरफ्तार कर लिया गया। नासिक पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक ने बताया कि छत्रपति संभाजीनगर पुलिस की मदद से उसे गिरफ्तार किया गया। नासिक पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआइटी) ने टीसीएस की नासिक यूनिट में महिला कर्मचारियों के शोषण, जबरन मतांतरण के प्रयास, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, छेड़छाड़ और मानसिक उत्पीड़न के मामले सामने आने के बाद, नौ प्राथमिकी दर्ज करके आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद निदा फरार हो गई थी। पुलिस ने महाराष्ट्र के कई इलाके में उसकी तलाश कर रही थी। उसने नासिक कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी और यह कहते हुए गिरफ्तारी से राहत मांगी थी कि वह गर्भवती है।

खबर संक्षेप

एक्ट्रेस के साथ डिलीवरी बॉय ने की बदतमीजी

नई दिल्ली। उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'गुंजन सक्सेना' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं



अभिनेत्री रीवा अरोरा ने एक डिलवरी बॉय पर उनके साथ अभद्रता करने के आरोप लगाए हैं। घटना 13-14 दिन पुरानी है। एक्ट्रेस ने डिलीवरी बॉय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने लगभग दस दिन बाद इस घटना के बारे में जानकारी दी है।

अलीगढ़ में मगरमच्छ से भिड़ी लड़की, खुद को बचाया

अलीगढ़। बचपन की कविता वो याद आ रही है खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की एक लड़की गुरुवार

को बड़ी ही बहादुरी से खूंखार मगरमच्छ से भिड़ गई। लड़की ने न सिर्फ मगरमच्छ को हराया बल्कि उसकी जबड़े से अपना हाथ भी बचा लिया। घटना सीमा के पास काली नदी के किनारे घटी।

नोएडा हिंसा मामलाः छात्रा को हाईकोर्ट जाने को कहा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में 13 अप्रैल को हुए मजदूरों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार एक छात्रा को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की पीठ ने आकृति चौधरी की ओर से पेश वकील से कहा वे इलाहाबाद हाई कोर्ट में जाएं। हजारों मामले लंबित हैं।

भाजपा ने राउत को बताया भारतीय राजनीति का जोकर

नई दिल्ली। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संबोधित पोस्ट पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने राउत

को भारतीय राजनीति का जोकर बताते हुए उन पर भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब करने का आरोप लगाया।भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने वीडियो संदेश में यह कहा।

राजनीतिः सीएम को लेकर सियासी पारा गरम

जिस पायलट को वेणुगोपाल ने नकारा था वही करेंगे केरल सीएम का फैसला

वासनिक-माकन ने पार्टी विधायकों और गठबंधन सहयोगियों संग की थी बैठक। पर्यवेक्षकों ने खरगे को सौंपी रिपोर्ट, दिल्ली करेगी फैसला।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केरल में विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) को मिली जीत के बाद नए मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर सियासी पारा गर्म है। केरल विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के चयन में के.सी. वेणुगोपाल की भूमिका सबसे अहम मानी जा रही है। केरल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक पायलट ने कहा है कि मुख्यमंत्री का फैसला केंद्रीय नेतृत्व (हाई कमान) करेगा। चर्चा है कि जिस सचिन पायलट को कभी वेणुगोपाल ने नकारा था वही अब केरल सीएम पद का फैसला लेने में अहम भूमिका में है। केरल की 140 सीटों में से 102 सीटों (यूडीएफ) की भारी जीत के बाद, 63 नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों में से लगभग 43 से ज्यादा विधायक वेणुगोपाल के पक्ष में दिख रहे हैं। सीएम की रेस में वेणुगोपाल के अलावा सतीसन और रमेश भी हैं, लेकिन विधायक दल में वेणुगोपाल को ज्यादा समर्थन मिल रहा है। विधायक दल की बैठक ने अंतिम फैसला मल्लिकार्जुन खरगे पर छोड़ दिया है। कांग्रेस के शीर्ष कमान पर अब केरल के अगले मुख्यमंत्री को चुनने की जिम्मेदारी है।

केरल में मुख्यमंत्री पद की लड़ाई अब खुलकर सड़कों पर आई

पार्टी के 3 बड़े नेताओं के समर्थक खुलकर सड़क पर आ गए

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं वीडी सतीशन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला के समर्थक सड़कों और सोशल मीडिया पर अपने नेताओं के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं। कांग्रेस के पर्यवेक्षक मुकुल वासनिक और अजय माकन जब कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होने और पार्टी के 63 विधायकों से अलग-अलग बातचीत करने पहुंचे, तब तिरुवनंतपुरम स्थित इंदिरा भवन के पास सांसद केसी वेणुगोपाल के समर्थन में 6 बड़े फ्लेक्स बोर्ड लगाए गए। वेणुगोपाल ने केरल विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था। वेणुगोपाल के एक फ्लेक्स बोर्ड पर गुरुवार को कथित तौर पर ग्रीस ऑयल फेंक दिया गया। वट्टियूरकावु सीट से जीतने वाले के. मुरलीधरन ने कहा कि कांग्रेस जैसी लोकतांत्रिक पार्टी में ऐसी घटनाएं सामान्य हैं। मुख्यमंत्री का फैसला होते ही पूरी पार्टी उस निर्णय के साथ एकजुट हो जाएगी। फैसला दो दिनों में आ जाएगा। संभवतः रविवार तक इसकी घोषणा हो जाएगी।

पुडुचेरी में रंगासामी उपराज्यपाल से मिले

सरकार बनाने का दावा पेश किया, 13 को लेंगे सीएम पद की शपथ

पुडुचेरी (भाषा)। ऑल इंडिया एन आर कांग्रेस (एआईएनआरसी) प्रमुख एन रंगासामी ने शुक्रवार को उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन से मुलाकात कर पुडुचेरी में सरकार बनाने का दावा पेश किया। रंगासामी के साथ गठबंधन दलों के नवनिर्वाचित विधायक भी मौजूद थे। उपराज्यपाल कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि रंगासामी द्वारा प्रस्तुत पत्र को राष्ट्रपति मुर्मू की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। रंगासामी 13 मई को पांचवीं बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। विधानसभा चुनाव में, ऑल इंडिया एन आर कांग्रेस ने 16 में से 12 सीट पर जीत हासिल की जबकि भाजपा ने 10 में से चार सीट पर विजय प्राप्त की।

11 मई को सोमनाथ मंदिर में होगा भव्य कायर्क्रम

'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में भाग लेंगे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत का हर हिस्सा पवित्र है और वह एक ऐसी एकता की डोर से जुड़ा है जो भौगोलिक की सीमाओं से परे है तथा आज की विभाजित दुनिया में एकता की यह भावना पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। मोदी ने पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोले जाने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लिखे एक लेख में कहा कि गुजरात स्थित इस मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वालों तथा समय-समय पर इसका पुनर्निर्माण करने वालों के संघर्ष और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि विभाजनों से भरी दुनिया में एकता की यह भावना पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है और सोमनाथ अपनी पूरी गरिमा के साथ हमेशा अडिग खड़ा रहेगा क्योंकि एकता और साझा सभ्यतागत चेतना की भावना हर भारतीय के हृदय में जीवित है। उन्होंने कहा, "सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता।"

उन्होंने कहा कि आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। सोमनाथ अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ हमेशा खड़ा रहेगा क्योंकि यह हमारी साझा सभ्यता का प्रतीक है। इसी गौरव को नमन करते हुए बलिदान देने वाले वीरों की स्मृति में और दानवीरों की उदारता को याद करते हुए अगले एक हजार दिनों तक यहां विशेष पूजा आयोजित की जाएगी। यह देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं।"

सोमनाथ विरासत की 75वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी

असम के सीएम ने मंदिर की प्रशंसा में श्लोक भी पढ़ा

गुवाहाटी। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष भारत की अटूट आस्था, सभ्यता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। उन्होंने एक्स पर मंदिर के आध्यात्मिक महत्व की प्रशंसा करते हुए एक संस्कृत श्लोक साझा किया और कहा कि मंदिर का पुनर्निर्माण भारत की स्थायी सांस्कृतिक चेतना को दर्शाता है। सरमा ने भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका को भी याद किया, जिन्होंने मंदिर के पुनर्निर्माण में अहम योगदान दिया था। सरमा ने लिखा-पुनर्स्थापना के 75 वर्ष भारत की अडिग आस्था, सभ्यता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने श्लोक 'सोमलिंगं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते, लभते फलम् मनोवाञ्छितम मृतः स्वर्गं समाश्रयेत' का उल्लेख करते हुए मंदिर के आध्यात्मिक महत्व को रेखांकित किया।

पंजाब के सांसद को आया शाह के नाम पर फर्जी फोन

आप सांसद को अनजान नंबर से कॉल

दिल्ली में मिलने के लिए बुलाया तो चब्बेवाल ने पुलिस को दी शिकायत

एजेंसी ▶▶ होशियारपुर

आम आदमी पार्टी के सांसद डॉ. राजकुमार चब्बेवाल को गुरुवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम पर एक संदिग्ध फोन कॉल आई। सांसद ने मामले को गंभीरता से

लेते हुए पुलिस को शिकायत दी है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है।

चब्बेवाल ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 8:45 बजे उनके मोबाइल फोन पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि गृह मंत्री शाह उनसे बात करना चाहते हैं। इसके बाद दूसरे व्यक्ति ने फोन पर खुद को शाह बताते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और पूछा कि वे इस समय कहां हैं?

चब्बेवाल बोले- होशियारपुर में हूं

चब्बेवाल ने बताया कि उन्होंने कहा कि वे होशियारपुर में हैं। इस पर खुद को शाह बताने वाले व्यक्ति ने कहा कि जब भी वे दिल्ली आएं तो उनसे मुलाकात करें। सांसद ने बताया कि बातचीत के दौरान उन्हें शक हुआ क्योंकि फोन करने वाले की आवाज शाह जैसी नहीं थी और न ही कॉल किसी आधिकारिक नंबर से आई थी। उन्होंने तुरंत होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया और कॉल की पूरी जानकारी देकर जांच करने को कहा। पुलिस सूत्रों के अनुसार शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। तकनीकी जांच के जरिए कॉल करने वाले व्यक्ति और नंबर की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

शुवेंदु के निजी सचिव की हत्या में अंतरराज्यीय कनेक्शन

लखनऊ। बंगाल में भाजपा के मुख्यमंत्री शुवेंदु अधिकारी के निजी सचिव चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में जांच गति पकड़ रही है। बंगाल में नई सरकार के गठन की तैयारियों के बीच हिंसा भी बढ़ती जा

रही है। इस बीच उनके निजी सचिव चंद्रनाथ रथ के हत्यारों को सामने लाने की भी है। मामले में बंगाल पुलिस को अंतरराज्यीय कनेक्शन मिला है। शुवेंदु के निजी सचिव चंद्रनाथ रथ की हत्या में अंतरराज्यीय कनेक्शन का भी संदेह है। बिहार के साथ असम में पड़ताल के बीच बंगाल पुलिस के उत्तर प्रदेश में भी पहुंच गई है। हत्या के मामले में शुक्रवार को जांचकर्ताओं ने कथित तौर पर इस्तेमाल की गई दूसरी मोटरसाइकिल बरामद कर ली। वहीं, पश्चिम बंगाल पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल की गई संदिग्ध कार की तलाश तेज कर दी है।

पटना में टीआरई 4 के विज्ञापन और नियमावली पर बवाल

विरोध प्रदर्शन में कई छात्र घायल

हड़ताली अभ्यर्थियों पर पुलिस ने किया लाठाचार्ज, जेपी गोलंबर पर मचा हंगामा

एजेंसी ▶▶ पटना

पटना में टीआरई 4 के विज्ञापन जारी करने और बीपीएससी नियमावली में बदलाव की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस कार्रवाई हुई है। पटना कॉलेज से निकाला गया विरोध मार्च जब जेपी गोलंबर पहुंचा, तो वहां बड़ी संख्या में जुटे हजारों अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच तनाव की स्थिति बन गई। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे कई छात्र-छात्राएं घायल हो गए। छात्र नेता दिलीप के नेतृत्व में हो रहे इस आंदोलन में अभ्यर्थी लगातार परीक्षा प्रक्रिया में देरी का विरोध कर रहे थे और जल्द

विज्ञापन जारी करने की मांग कर रहे थे। छात्र कॉलेज से बिहार लोक सेवा आयोग के कार्यालय की ओर जा रहे थे, लेकिन उन्हें जेपी गोलंबर पर ही रोक दिया गया। कुछ छात्र नेताओं को भी हिरासत में लिया है।

अभ्यर्थियों की मांग और आंदोलन

दिलीप ने कहा कि इसके लाखों अभ्यर्थी 2 वर्षों से वैकेंसी का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले एक वर्ष से शिक्षा मंत्री द्वारा लगातार यह कहा जा रहा है कि 10-15 दिन में वैकेंसी आ जाएगी, जबकि चुनाव से पहले और चुनाव के दौरान भी उसका विज्ञापन जल्द जारी करने का आश्वासन दिया गया था। दिलीप ने कहा कि एक ओर सरकार वैकेंसी की बात कर रही है, वहीं दबीपीएससी अधियाचना मिलने के बावजूद विज्ञापन जारी नहीं कर रही है।

अच्छी खबर 175 गज में बना है मकान, कीमत करीब 50 लाख रुपये

लुधियाना में सगे भाइयों ने इकलौती बहन को घर गिफ्ट किया, सरप्राइज देख फूट-फूटकर रोई

बहन को घर गिफ्ट करने वाले दोनों भाई एक्टिंग करते हैं

परिवार में दो भाई, एक बहन और मां हैं। 2007 में पिता के निधन के बाद दोनों भाइयों ने यह संकल्प लिया था कि वे बहन को कभी मायके की कमी महसूस नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

लुधियाना में सगे भाइयों ने इकलौती बहन को 175 गज का घर गिफ्ट कर दिया। इसकी कीमत करीब 50 लाख रुपए है। भाइयों ने सरप्राइज तरीके से बहन को ये गिफ्ट दिया। वह ढोल बजाते हुए बहन को वहां ले गए।

जब उन्होंने नेम प्लेट से कागज हटाया तो अपना नाम लिखा देकर

बहन रो पड़ी। बहन शादीशुदा है। भाइयों का कहना है कि पिता के निधन के बाद बहन हमेशा उनके साथ खड़ी रही। इसलिए अपने घर के नजदीक ही मकान बनाकर दिया। बहन को घर गिफ्ट करने वाले दोनों भाई एक्टिंग करते हैं। एक भाई बिग बॉस के सीजन 10 में कॉमनर कंटेस्टेंट के तौर पर भी हिस्सा ले चुका है। परिवार में दो भाई, एक बहन और मां हैं। वर्ष 2007 में पिता के निधन के बाद दोनों भाइयों ने यह संकल्प लिया था कि वे बहन को कभी मायके की कमी महसूस नहीं होने देंगे। इसी भावना के चलते उन्होंने यह बड़ा कदम उठाया। यह सरप्राइज खास तरीके से प्लान किया गया था। 5 मई को देव की मैरिज एनिवर्सरी के मौके पर घर में पाठ रखा गया।

घर की नेम पर प्लेट देख सब हुए भावुक

जानकारी के अनुसार अमर देवगन और देव देवगन ने अपनी बहन मनप्रीत कौर बिरदी के लिए यह खास तोहफा लंबे समय से प्लान किया था। दोनों भाइयों ने ढोल-नगाड़ों के साथ परिवार और रिश्तेदारों के बीच बहन को घर तक लेकर पहुंचे। जब घर के बाहर लगी नेम प्लेट से कागज हटाया गया और उस पर मनप्रीत का नाम सामने आया, तो यह पल सभी के लिए बेहद भावुक बन गया।

मणिपुर में हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद

इंफाल (भाषा)। मणिपुर के सेनापति और चूड़ाचांदपुर जिलों में हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का बड़ा जखीरा जब्त किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सेनापति जिले के मारनमेई पहाड़ी क्षेत्र में बृहस्पतिवार को चलाए गए संयुक्त अभियान में असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों ने बड़ी मात्रा में गोला-बारूद के साथ 15 हथियार बरामद किए। उन्होंने बताया कि जब्त हथियारों में मैगजीन के साथ एक एके-47 राइफल, मैगजीन के साथ एक एमपी-5 राइफल, एक .303 राइफल, दो .22 राइफल, स्थानीय स्तर पर बनाई गई चार बोल्ट-एक्शन राइफल, तीन .32 पिस्तौल, दो .22 पिस्तौल और स्थानीय स्तर पर बनी एक शॉटगन शामिल हैं। विभिन्न कैलिबर के 70 से अधिक कारतूस भी बरामद किए गए। पुलिस ने कहा कि हथियारों के इतने बड़े जखीरे की बरामदगी क्षेत्र में सक्रिय अवैध हथियार आपूर्ति नेटवर्क को बाधित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह उग्रवादी गतिविधियों पर रोक लगाने में मददगार साबित होगी।

अब 'पानी' से चलेगी मारुति सुजुकी की स्विफ्ट, कंपनी लाई अनोखी टेक्नोलॉजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुजुकी मोटर कारपोरेशन और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी कंपनी एवीएल ने 2026 वियना मोटर सिम्पोजियम में सुजुकी स्विफ्ट को हाइड्रोजन इंजन के साथ टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेटर के रूप में पेश किया है। ग्लोबल लेवल के साथ इंडियन मार्केट में पॉपुलर हैचबैक स्विफ्ट अब नए एनर्जी सोर्स के साथ मार्केट में एंट्री मार सकती है।

- वियना मोटर सिम्पोजियम 2026 में प्रदर्शित किया गया कार का प्रारूप

पारंपरिक हाइड्रोजन व्हीकल फ्यूल सेल तकनीक पर चलते हैं, जहां हाइड्रोजन को बिजली में बदलकर मोटर चलाई जाती है। लेकिन इस नए प्रोटोटाइप में हाइड्रोजन को सीधे इंजन में जलाकर पावर जनरेट की जा रही है। सुजुकी-बेस्ड 1.4 लीटर 4-सिलेंडर हाइड्रोजन डीआई इंजन में एवीएल की नई हाइड्रोजन डीआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हुआ है।

सुजुकी मोटर और मोबिलिटी टेक्नोलॉजी एवीएल ने पेश किया हाइड्रोजन इंजन

इंडिया लांच

भारत में मारुति सुजुकी स्विफ्ट पहले से ही बेस्टसेलर है। केंद्र सरकार और नितिन गडकरी हाइड्रोजन जैसे ग्रीन फ्यूल्स को बढ़ावा दे रहे हैं। कोच्चि एयरपोर्ट पर हाइड्रोजन स्टेशन पहले से चल रहा है। अगर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप हुआ तो ये हाइड्रोजन स्विफ्ट भारत में लांच हो सकती है। ये पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक विकल्पों के बीच सस्टेनेबल चॉइस साबित हो सकती है।

फ्यूल एफिसियंसी : फ्यूल एफिशिएंसी की बात करें, तो हाइड्रोजन इंजन जीरो कार्बन एमिशन के साथ बेहतरीन एफिशियंसी देता है। टेल पाइप से केवल पानी निकलता है, जिससे ये ग्रीन फ्यूल का बेहतरीन विकल्प है।

फीचर्स

फीचर्स में वायरलेस चार्जिंग, स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल्स, अच्छा साउंड सिस्टम और मल्टी-मोड ड्राइविंग ऑप्शन शामिल हैं। सेफ्टी के मामले में स्विफ्ट हमेशा से मजबूत रही है। अपेक्षित फीचर्स में मल्टीपल एयरबैग्स, एबीएस, ईबीडी, स्टेबिलिटी कंट्रोल, रियर पार्किंग सेंसर्स और संभावित एडास सिस्टम्स शामिल हो सकते हैं। हाइड्रोजन वर्जन में भी सेफ्टी स्टैंडर्ड्स को ऊपर रखा गया है, खासकर हाइड्रोजन स्टोरेज टैंक्स को सेफ रखा गया है।

इंजन और परफॉरमेंस

ये इंजन लीन और स्टॉइकियोमेट्रिक (लेम्बदा=1) दोनों मोड में चल सकता है। कूल्ड ईजीआर के जरिए स्टॉइकियोमेट्रिक मोड में बेहतर परफॉर्मेंस मिलती है। ये पावरट्रेन लगभग 100 किलोवॉट (करीब 135 एचपी) पावर और 220 एनएम टॉर्क प्रोड्यूस करने में सक्षम है। ये तकनीक हाइड्रोजन इंजन की आम समस्याओं जैसे अनस्टेबल कंबर्शन को हल करती है और हाई पावर डेंसिटी, स्टेबल ऑपरेशन और स्केलेबल समाधान प्रदान करती है। ड्राइवेबिलिटी और एमिशन को पूरी तरह कैलिब्रेट किया गया है, जो इसे प्रोडक्शन के लिए तैयार किया गया है।

डिजाइन और फीचर्स

स्विफ्ट का डिज़ाइन आकर्षक और स्पोर्टी बना हुआ है। कॉम्पैक्ट हैचबैक बॉडी में शार्प लाइन्स, बोल्ड फ्रंट ग्रिल और मॉडर्न एलईडी लाइटिंग के साथ ये युवा खरीदारों को आकर्षित करती है। इंटीरियर प्रीमियम और ड्राइवर-फोकस्ड है। बेहतर मैटेरियल, सॉफ्ट-टच डैशबोर्ड, मॉडर्न डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और बड़ा टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम के साथ एप्पल कारप्ले/एंड्रॉइड ऑटो कनेक्टिविटी उपलब्ध है। केबिन स्पेशियस और आरामदायक है, जो डेली कम्यूटिंग के लिए परफेक्ट है।

खबर संक्षेप

बीएसई का चौथी तिमाही में मुनाफा 61% बढ़ाकर

नई दिल्ली। शेयर बाजार बीएसई लि. का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 61 प्रतिशत बढ़कर बढ़कर 795.47 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 493.67 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। मार्च के दौरान कुल राजस्व बढ़कर 1,630 करोड़ रुपये हो गया।

करूर वैश्य बैंक के लाभ में 41 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक का शुद्ध लाभ मार्च 2026 का समाप्त तिमाही में सालाना आधार पर 41 प्रतिशत बढ़कर 725 करोड़ रुपये रहा। बैंक को पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 513.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय बढ़कर 3,519.45 करोड़ रुपये हो गई।

वी-मार्ट रिटेल के मुनाफे में 39 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। वी-मार्ट रिटेल लिमिटेड का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में 39 प्रतिशत घटकर11.28 करोड़ रुपये रहा। वी-मार्ट ने सूचना में कहा कि उसने वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। मार्च तिमाही में परिचालन राजस्व 24.5 प्रतिशत बढ़कर 970.89 करोड़ रुपये रहा।

स्विगी का घाटा कम होकर 800 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। ऑनलाइन खाना मंगाने की सुविधा देने वाली कंपनी स्विगी का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 800 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को 2024-25 की इसी तिमाही में 1,081 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय करीब 45 प्रतिशत बढ़कर 6,383 करोड़ रुपये हो गई।

बायोकॉन के लाभ में 57 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। बायोकॉन लिमिटेड का 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 56.8 प्रतिशत घटकर 198.6 करोड़ रुपये रहा। नई श्रम संहिता के प्रभाव सहित विभिन्न मदों पर 80.4 करोड़ रुपये के असाधारण व्यय के कारण मुनाफा घटा है। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (मार्च) तिमाही में लाभ 459.4 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही में परिचालन आय 4,516.6 करोड़ रुपये रही जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 4,417 करोड़ रुपये थी।

विशेषज्ञों का कहना, विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित होने का इंतजार करे

ट्रंप को अदालतों से झटके, धीमी पड़ सकती है भारत के साथ बीटीए वार्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विशेषज्ञों ने कहा कि यह फैसला इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन करते थे। अमेरिकी अदालतों द्वारा इन्हें निरस्त किया जाना बहुपक्षीय व्यापार मानकों के लिए सकारात्मक संकेत है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अदालतों में लगातार झटके मिलने से अमेरिकी शुल्क व्यवस्था को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आगे बढ़ने से पहले भारत को अमेरिका द्वारा अधिक स्थिर एवं कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित करने का इंतजार करना चाहिए।

भारत के लिए इस फैसले के क्या मायने

ट्रंप हमेशा से भारत के साथ व्यापारिक समझौतों और टैरिफ को लेकर मुखर रहे हैं। अगर अमेरिका में ग्लोबल टैरिफ की नीति कमजोर पड़ती है, तो भारतीय निर्यातकों के लिए यह एक सकारात्मक संकेत हो सकता है। इससे भारतीय सामानों की अमेरिकी बाजार में पहुंच आसान बनी रहेगी और लागत में अनचाही बढ़ोतरी का डर कम होगा।

अमेरिका बचने के नये रास्ते तलाश सकता है

प्रियदर्शी ने कहा, '' हालांकि फैसले पर अमल फिलहाल रोका गया है इसलिए अनिश्चितता बनी हुई है। हमें सतर्क रहना होगा क्योंकि अमेरिका इस फैसले से बचने के नए रास्ते तलाश सकता है।'' ये शुल्क 20 फरवरी को लागू होने के 50 दिन से भी कम समय में निरस्त कर दिए गए। जीटीआरआई के अनुसार, यह निर्णय फिलहाल केवल उन पक्षों पर लागू होता है जिन्होंने मामला दायर किया था।

आगे क्या होगा?

माना जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन इस फैसले के खिलाफ अपील करेगा। यह मामला सबसे पहले वॉशिंगटन की 'यूएस कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द फेडरल सर्किट' में जाएगा। अगर वहां भी समाधान नहीं निकला, तो यह मामला एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक पहुंच सकता है।

वैश्विक शुल्क नियमों का उल्लघंन: चिंतन रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के पूर्व निदेशक शिशिर प्रियदर्शी ने कहा कि संघीय अदालत का फैसला यह स्पष्ट करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क डब्ल्यूटीओ नियमों का उल्लंघन करते हैं ।

- ट्रंप के वैश्विक शुल्क डब्ल्यूटीओ के नियमों का उल्लघंन करते हैं
- अमेरिकी अदालत द्वारा इसे निरस्त किया जाना सकारात्मक संकेत
- ट्रंप द्वारा लगाए 10 प्रतिशत शुल्क को भी अदालत ने अवैध बताया

मलेशिया पहले ही समझौते से पीछे हट चुका

श्रीवास्तव ने कहा '' अमेरिकी शुल्कों को लेकर कानूनी अनिश्चितता का असर व्यापार वार्ताओं पर भी पड़ रहा है। मलेशिया पहले ही अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से पीछे हट चुका है जबकि कई अन्य देश भी अपने समझौतों पर पुनर्विचार कर रहे हैं।''

तरजीह राष्ट्र के लिए भी शुल्क कम करने तैयार नहीं अमेरिका

श्रीवास्तव ने कहा, '' फिलहाल अमेरिका अपने 'सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र' (एमएफएन) के लिए भी शुल्क कम करने को तैयार नहीं है, जबकि वह भारत से अधिकतर क्षेत्रों में अपने एमएफएन शुल्क कम या समाप्त करने की अपेक्षा कर रहा है। भारत के स्थायी बाजार पहुंच में रियायतें देने और बदले में उसे कोई ठोस शुल्क लाभ न मिलने से व्यापार समझौता एकतरफा हो सकता है।''

सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों को 30 हजार करोड़ का नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को मध्य मार्च से अब तक लगभग 30,000 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने इस संकट के दौरान भी पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी, जबकि कच्चे माल की लागत में कई चरणों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बने रहने से वैश्विक कच्चे तेल बाजार में भारी उतार-चढ़ाव आया। इस दौरान ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भी तेज वृद्धि दर्ज की गई। इसके बावजूद भारत में 28 फरवरी के बाद से खुदरा ईंधन कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया। मामले से परिचित सूत्रों ने कहा कि अप्रैल में पेट्रोल पर प्रति लीटर लगभग 18 रुपये और डीजल पर लगभग 25 रुपये प्रति लीटर का नुकसान दर्ज किया गया।

- कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है
- कच्चे माल की लागत में कई चरणों में 50 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी

तनाव थमने की उम्मीद से 100 डॉलर प्रति बैरल आ चुका

हालत यह हो गई कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें कुछ समय के लिए लगभग 144 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं। हालांकि तनाव थमने की उम्मीद से अब यह नरम होकर 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ चुका है।

एनटीपीसी ने एमसीडी में किया 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की संयुक्त उद्यम कंपनी एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। इसके साथ ही एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (एनईडब्ल्यूएस) एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी बन गई है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बिजली क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने कहा कि फिलहाल उसके पास एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

''एनटीपीसी ने दिल्ली नगर निगम और एनटीपीसी ईडीएमसी वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ 11 जून, 2019 के संयुक्त उद्यम समझौते को समाप्त करने और एमसीडी की एनईडब्ल्यूएस में 26 प्रतिशत शेयरधारिता (52,000 इक्विटी शेयर) के अधिग्रहण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एनटीपीसी बोर्ड और एमसीडी के हाउस ऑफ कॉरपोरेशन ने एनटीपीसी द्वारा एनईडब्ल्यूएस में एमसीडी की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद को मंजूरी दे दी है। 26 प्रतिशत शेयरधारिता के अधिग्रहण की लागत 5,20,000 रुपये है (10 रुपये अंकित मूल्य वाले 52,000 इक्विटी शेयर)।

- एनईडब्ल्यूएस अब पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी बन गई

बिजली उत्पादन का कारोबार करती है

एनईडब्ल्यूएस का एक जून, 2020 को एनटीपीसी और एमसीडी (पूर्ववर्ती ईडीएमसी) के संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में गठित किया गया था। इसमें एनटीपीसी की 74 प्रतिशत और एमसीडी की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। इसका पंजीकृत कार्यालय दिल्ली में है और यह अपशिष्ट प्रबंधन और बिजली उत्पादन का कारोबार करती है।

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 516 अंक फिसला

- पश्चिम एशिया तनाव से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ी
- शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की बिक्री जारी रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 516 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 150 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ने से बाजार में जोखिम से बचने का रुझान देखा गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख ने भी गिरावट को बढ़ाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 516.33 अंक गिरकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 698.09 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं निफ्टी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 24,176.15 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयर में मार्च तिमाही नतीजों के बाद 6.62 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान में रहे। हालांकि, टाइटन के शेयर अनुकूल तिमाही नतीजों के बाद 4.76 प्रतिशत चढ़ गया। इसके साथ एशियन पेंट्स, अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस और एचसीएल टेक के शेयरों में भी तेजी रही।



संघर्ष विराम की उम्मीद कमजोर, की मुनाफावसूली : जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''अमेरिका - ईरान के बीच ताजा सैन्य कार्रवाई से संघर्षविराम की उम्मीदें कमजोर पड़ीं, जिससे निवेशकों ने मुनाफावसूली की और जोखिम से बचने की कोशिश की। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर रहने और अमेरिका के 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से व्यापक धारणा और रुपये को कुछ समर्थन मिला।''

इमामी 321 करोड़ में इंकनट डिजिटल में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी

कोलकाता। रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली प्रमुख कंपनी इमामी लिमिटेड ने कहा कि वह सौंदर्य और व्यक्तिगत देखरेख खंड में अपनी मौजूदगी को मज़बूत करने के लिए 321 करोड़ रुपये में हैदराबाद की इंकनट डिजिटल प्रा लि में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। कोलकाता की इस कंपनी ने बयान में कहा कि इस सौदे में 24 महीनों में प्रदर्शन से जुड़े बदलाव भी शामिल हैं। कंपनी ने कहा, कि इमामी ने इंकनट डिजिटल प्रा लि और उसकी अनुषंगी कंपनियों और सहयोगियों में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक पक्का समझौता किया है। इस सौदे की कीमत 321 करोड़ रुपये है। वह इंकनट में बची हुई हिस्सेदारी अगले साढ़े चार साल में दो किस्तों में खरीदेगी, जिसकी कीमत भविष्य के प्रदर्शन के आधार पर तय की जाएगी।

सर रतन टाटा ट्रस्ट की बहुप्रतीक्षित बोर्ड बैठक रद्द

नई दिल्ली। सर रतन टाटा ट्रस्ट की शुक्रवार को प्रस्तावित बोर्ड बैठक बिना कोई कारण बताये रद्द कर दी गई। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी। निदेशक मंडल की इस बैठक में टाटा सन्स के निदेशक मंडल में नामित किये जाने पर पुनर्विचार किया जाना था। यह बैठक बंबई उच्च न्यायालय के बैठक पर रोक लगाने से इनकार के बावजूद रद्द की गई।

सोने, चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली (भाषा)। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच निवेशकों की मुनाफावसूली से स्थानीय सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में नरमी आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 100 रुपये की गिरावट के साथ 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। इससे पहले, बृहस्पतिवार को यह 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) पर बंद हुआ था। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी टूटकर 1,55,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि बृहस्पतिवार को यह 1,55,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार रहा था। सर्राफा संघ के अनुसार, चार दिन की तेजी के बाद मुनाफावसूली के चलते चांदी की कीमतों में भी नरमी आई। चांदी 200 रुपये की गिरावट के साथ 2,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम रही। यह बृहस्पतिवार को 2,61,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस विश्लेषक, मानव मोदी ने कहा, ''पिछले सत्र में आई तेजी के बाद सोने की कीमतों में कुछ नरमी आई। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की उम्मीद कमजोर पड़ने से सोने के दाम में नरमी आई। इससे डॉलर में फिर से मजबूती आई।'' मोदी ने बताया कि जब ऐसी खबरें आईं कि ईरान अभी भी शांति वार्ता के लिए अमेरिका की प्रस्तावित रूपरेखा की समीक्षा कर रहा है, इससे बाजार का रुख सतर्क हो गया। वहीं, कुछ ईरानी अधिकारियों ने इस प्रस्ताव को अवास्तविक बताया।

- चार दिन की तेजी के बाद मुनाफावसूली के चलते चांदी की कीमतों में भी नरमी आई

रजिस्ट्री सं० डी० एल० – 33004/99 REGD. NO. D. L. - 33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–06052026-272275
CG-DL-E-06052026-272275
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग–II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2149] नई दिल्ली, बुधवार, मई 6, 2026/वैशाख 16, 1948
No.2149] NEW DELHI, WEDNESDAY, MAY 6, 2026/VAISAKHA 16, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
नई दिल्ली, 6 मई, 2026

का.आ. 2237 (अ).– रेलवे अधिनियम 1989 (2008 में संशोधित) की धारा 2 के उपखंड (7–ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी नीचे तालिका के कॉलम (2) में वर्णित अधिकारी को प्राधिकृत करती है कि वह तालिका के कॉलम (5) में वर्णित रेलवे परियोजना के कार्य निष्पादन अनुपालन, प्रबंधन एवं परिचालन हेतु कॉलम (3) में वर्णित जनपद एवं कॉलम (4) में वर्णित राज्य में **''सक्षम प्राधिकारी''** के रूप में कार्य निष्पादित करें।

तालिका

क्र.सं.	सक्षम प्राधिकारी	जनपद	राज्य	रेलवे परियोजना का नाम
1	2	3	4	5
1	उप मंडल मजिस्ट्रेट, राजपुरा	पटियाला	पंजाब	**''उत्तर रेलवे के न्यू शम्भू स्टेशन से कौली स्टेशन तक डी०एफ०सी० सी०आई०एल० हेतु राजपुरा बाईपास लाईन (13.46 कि.मी.)''** के निर्माण हेतु ।

का.आ. 2238 (अ).– रेलवे अधिनियम 1989 (2008 में संशोधित) की धारा 20–एफ के उपखंड (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी नीचे तालिका के कॉलम (2) में वर्णित अधिकारी को प्राधिकृत करती है कि वह तालिका के कॉलम (5) में वर्णित रेलवे परियोजना के कार्य निष्पादन अनुपालन, प्रबंधन एवं परिचालन हेतु कॉलम (3) में वर्णित जनपद एवं कॉलम (4) में वर्णित राज्य में **''आर्बीट्रेटर''** के रूप में कार्य निष्पादित करें।

तालिका

क्र.सं.	आर्बीट्रेटर	जनपद	राज्य	रेलवे परियोजना का नाम
1	2	3	4	5
1	उप आयुक्त, पटियाला	पटियाला	पंजाब	''उत्तर रेलवे के न्यू शम्भू स्टेशन से कौली स्टेशन तक डी०एफ०सी०सी०आई०एल० हेतु राजपुरा बाईपास लाईन (13.46 कि.मी.)'' के निर्माण हेतु ।

[फा. सं. 190-W/Land/UMB/Rajpura Bypass Line]
1544A/26 शैलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)

रजिस्ट्री सं० डी० एल० – 33004/99 REGD. NO. D. L. - 33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–06052026-272276
CG-DL-E-06052026-272276
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग–II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2148] नई दिल्ली, बुधवार, मई 6, 2026/वैशाख 16, 1948
No.2148] NEW DELHI, WEDNESDAY, MAY 6, 2026/VAISAKHA 16, 1948

रेल मंत्रालय
[उत्तर रेलवे (निर्माण संगठन)]
अधिसूचना
नई दिल्ली, 6 मई, 2026

का.आ. 2235 (अ). – रेलवे अधिनियम 1989 (2008 में संशोधित) की धारा 2 के उपखंड (7–ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी नीचे तालिका के कॉलम (2) में वर्णित अधिकारी को प्राधिकृत करती है कि वह तालिका के कॉलम (5) में वर्णित रेलवे परियोजना के कार्य निष्पादन अनुपालन, प्रबंधन एवं परिचालन हेतु कॉलम (3) में वर्णित जनपद एवं कॉलम (4) में वर्णित राज्य में **''सक्षम प्राधिकारी''** के रूप में कार्य निष्पादित करें।

तालिका

क्र.सं.	सक्षम प्राधिकारी	जनपद	राज्य	रेलवे परियोजना का नाम
1	2	3	4	5
1	उप मंडल मजिस्ट्रेट, मानसा	मानसा	पंजाब	''रामा मंडी से सदासिंह वाला वाया तलवंडी साबो नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन (35.907 कि०मी०) के निर्माण हेतु।
2	उप मंडल मजिस्ट्रेट, मौर	बठिंडा		
3	उप मंडल मजिस्ट्रेट, तलवंडी साबो	बठिंडा		

का.आ. 2236 (अ).– रेलवे अधिनियम 1989 (2008 में संशोधित) की धारा 20–एफ के उपखंड (6) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रभावी नीचे तालिका के कॉलम (2) में वर्णित अधिकारी को प्राधिकृत करती है कि वह तालिका के कॉलम (5) में वर्णित रेलवे परियोजना के कार्य निष्पादन अनुपालन, प्रबंधन एवं परिचालन हेतु कॉलम (3) में वर्णित जनपद एवं कॉलम (4) में वर्णित राज्य में **''आर्बीट्रेटर''** के रूप में कार्य निष्पादित करें।

तालिका

क्र.सं.	आर्बीट्रेटर	जनपद	राज्य	रेलवे परियोजना का नाम
1	2	3	4	5
1	उप आयुक्त, मानसा	मानसा	पंजाब	''रामा मंडी से सदासिंह वाला वाया तलवंडी साबो नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन (35.907 कि०मी०) के निर्माण हेतु।
2	उप आयुक्त, बठिंडा	बठिंडा		

[फा. सं. 190-W/Land/UMB/Rama Mandi-Sadda Singhwala]
1543A/26 शैलेश कुमार मिश्रा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण)

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

सोमनाथ
अनंत ऊर्जा का अनुभव

हरियाणा सरकार

सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥

सोमनाथ
स्वाभिमान पर्व

विरासत के 75 साल | 8 से 11 मई, 2026

सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है।
1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है।
75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ।
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।

इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें

मुख्य गतिविधियां

- कलश यात्रा
- भजन संध्या
- ॐकार मंत्र का जाप
- सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन
- सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन



श्री सोमनाथ मंदिर परिसर, प्रभास पाटन

सोमनाथ के 1000 साल की गौरवशाली विरासत को और समृद्ध बनाने में योगदान दें।
स्कैन करें।

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चिंतन

शुभेंदु को मिला ताज, साथ ही उम्मीदों का भी बोझ

शुभेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वह राज्य के पहले भाजपाई मुख्यमंत्री होंगे। भाजपा उनके शपथ समारोह को भव्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। भवानीपुर में ममता बनर्जी को पटकनी देकर शुभेंदु ने पहले ही दिखा दिया था कि वह इस पद के सबसे प्रबल दावेदार हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खुद शुभेंदु के नेता चुने जाने का ऐलान किया। भाजपा ने इस मौके पर सभी विपक्षी दलों का आह्वान किया कि वे राज्य के विकास में सहयोग करें। पार्टी ने साफ कर दिया है कि वह प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण नहीं होने देगी। यह दोनों ऐसे मुद्दे हैं, जिसने बंगाल की प्रगति को बाधित किया है। तृणमूल कांग्रेस ने पूरे प्रशासन को ही पार्टी कैडर में बदल दिया था। यही नहीं, अपराधी और असामाजिक तत्व पार्टी की रीढ़ बन गए थे। भाजपा की यह सबसे बड़ी चुनौती भी है। बंगाल इस समय जिस दशा में है, वह भाजपा के लिए एक अवसर भी है। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में स्थिति बहुत खराब है। गरीबी चरम पर है। केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं या तो लागू नहीं हुई या लोगों तक उसका आधा-अधूरा लाभ ही पहुंचा। कट मनी एक बड़ी समस्या रही। वाम शासन की यह कुप्रथा तृणमूल कांग्रेस के शासन में भी बदस्तूर जारी रही। बेरोजगारी भी एक बड़ा मुद्दा है। बंगाल कभी देश की सांस्कृतिक धुरी था। राज्य की यह पहचान लौटाना भी जरूरी है। अब सत्ता संभालने के बाद शुभेंदु सरकार के सामने कानून-व्यवस्था, खराब नागरिक सुविधाओं और राज्य की कमजोर वित्तीय स्थिति जैसी कई चुनौतियां होंगी। केंद्र और ममता सरकार के बीच टकराव के कारण राज्य की आर्थिक स्थिति पहले से ही दबाव में थी। नई सरकार की पहली प्राथमिकता कानून-व्यवस्था बहाल करना और हाल के दिनों में हुई राजनीतिक हिंसा की घटनाओं पर रोक लगाना होगी। नई सरकार को भाजपा के कई वादों को भी पूरा करना होगा। इनमें महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता देना शामिल है। भाजपा ने बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपये मासिक सहायता देने का भी वादा किया है। साथ ही अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ नई नौकरियां और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने की योजना भी सरकार के एजेंडे में होगी, ताकि बड़े पैमाने पर पलायन रोका जा सके। नई भाजपा सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और बांग्लादेश सीमा से होने वाले अवैध प्रवासन पर रोक लगाने की दिशा में भी काम करेगी। भाजपा ने यह भी वादा किया है कि सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की जाएंगी और लंबित महंगाई भत्ता (डीए) का भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा अदालत में दिए गए हलफनामे के अनुसार इस पर अतिरिक्त 42,000 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। शुभेंदु राज्य के नौवें मुख्यमंत्री होंगे। तीन बार सांसद रहे शिशिर अधिकारी के पुत्र शुभेंदु ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई से की थी। उस समय वामपंथी दलों का प्रभुत्व चरम पर था। शिशिर अधिकारी यूपीए-2 सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भी रह चुके थे। ममता बनर्जी और टीएमसी से शुभेंदु की दूरी तब बढ़ने लगी, जब ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को अपना उत्तराधिकारी और नंबर दो नेता बनाना शुरू किया। 2021 में नंदीग्राम और फिर इस बार भवानीपुर में ममता को हराने के बाद शुभेंदु भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बड़े नेता बनकर उभरे। 2021 के बाद विपक्ष के नेता के रूप में टीएमसी के भारी बहुमत के बावजूद उनका आक्रामक रुख पार्टी में उनकी स्थिति को और मजबूत करता गया।

मंथन
कृष्ण प्रताप सिंह

वामपंथ ने आखिरी सरकार भी गंवाई

पश्चिम बंगाल के शोर में केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर देश का कुछ कम ही ध्यान जा रहा है। हालांकि राजनीतिक लिहाज से वे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के हाथों वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की करारी हार के बाद वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे के साथ ही देश में वामपंथी सरकारों का दौर समाप्त हो गया है। यह पांच साल पहले ही खत्म हो जाता, अगर पिछले विधानसभा चुनाव में विजयन के कामकाज से खुश केरल के मतदाता उन्हें 'बख्श' नहीं देते।

इस बार 'केरल के धोती पहनने वाले मोदी' की छवि भी उनकी सत्ता नहीं बचा पाई और वे 'अब तक के आखिरी वामपंथी मुख्यमंत्री' के रूप में भूतपूर्व हो गए। यहां याद किया जिनका चाहिए कि ई.एम.एस. नंबूदरीपाद के मुख्यमंत्रित्व में देश की पहली वामपंथी सरकार भी 5 अप्रैल, 1957 को इसी राज्य में बनी थी, उसके राज्य बनने के बाद हुए पहले ही विधानसभा चुनाव में। इस मायने में अभूतपूर्व थी कि उसके रूप में न केवल भारत, बल्कि दुनिया में कहीं भी पहली बार किसी कम्युनिस्ट पार्टी को लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में सत्ता हासिल हुई थी। नम्बूदरीपाद सरकार द्वारा व्यापक भूमि सुधारों और महत्वपूर्ण शैक्षिक बदलावों के आगाज के बीच 31 जुलाई, 1959 को तत्कालीन जवाहरलाल नेहरू सरकार ने मनमाने ढंग से अनुच्छेद 356 का उपयोग करके राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के हाथों उसको बर्खास्त करा दिया तो नेहरू की तीखी आलोचनाएं की गई थीं। कारण यह कि उस दौर में वामपंथ को सत्ता का सबसे प्रतिबद्ध वैचारिक प्रतिपक्ष माना जाता था। बंटवारे और बिखराव के बावजूद उसने पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा जैसे अपने सुरक्षित गढ़ बना रखे थे। इसलिए वे गढ़ ढहे तो उसकी सही-गलत रीति-नीति और बढ़ते-घटते प्रभावों से जुड़े बहुत से प्रश्न खासी तेजी से पूछे जाने लगे थे। उनमें सबसे बड़ा यह था कि वे चुनावों में लगातार पराभव की ओर क्यों जाने लगे हैं? उनके विरोधियों को उन्हें चिढ़ाते हुए यह तक कहने का मौका क्यों हाथ लग रहा है कि आगे चलकर वे विलोपीकरण के शिकार हो जाएंगे? निस्संदेह, अब, उनके अपनी अंतिम सरकार तक गंवा देने के बाद इन प्रश्नों को नए सिरे से और ज्यादा तेजी से पूछा जाएगा। साथ ही यह प्रश्न भी कि उस हिंदी प्रदेश में उनकी प्रतीकात्मक उपस्थिति भी क्यों मुश्किल होती जा रही है, जिसे देश का हृदय प्रदेश कहा जाता है और जिसकी जमीन को वे एक समय अपने लिए बेहद अनुकूल और उर्वर मानते थे? क्यों यह उम्मीद लगातार नाउम्मीद होती चली आ रही है कि कौन जाने सुरक्षित गढ़ खो देने के बाद ही सही, वे अपनी संभावनाओं के देशव्यापी विस्तार को जीवन-मरण का प्रश्न मानकर उसके लिए नई मुहिमों का मन बनाएं? सच कहें तो वामदलों के नेताओं के लिए इन सवालों के जवाब इसलिए भी कठिन हो चले हैं कि वे संसदीय कहें अथवा चुनावी राजनीति में उतरे तो उसे अपनी क्रांति कामना के लिए इस्तेमाल करने के मंसूबे से थे, मगर समय के साथ खुद उसके हाथों इस्तेमाल होकर रह गए हैं। इतना ही नहीं, आजादी के बाद जतन से विकसित की गई 'सारी मध्यवर्गी पार्टियों के सबसे प्रतिबद्ध वैचारिक प्रतिपक्ष' की अपनी छवि भी वे नहीं

बचा पाए हैं। इसलिए कि सत्ता संघर्षों में मध्यमार्गी पार्टियां विचारधाराओं को लात मारकर अपना तकिया जाति, धर्म, संप्रदाय और क्षेत्र आदि की विडंबनाओं पर रखने लगी तो ये दल उनसे अलगाव का खतरा उठाने का साहस प्रदर्शित नहीं कर पाए और तत्कालीन परिस्थितियों के नाम पर कभी इस तो कभी उस बड़ी पार्टी या गठबंधन की पालकी के कहार की भूमिका में दिखने लगे। तिस पर स्थितियों और परिस्थितियों के आकलन में उन्होंने लगातार गलतियां कीं। मिसाल के तौर पर आजादी के पहले अविभाजित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के इस निर्देश पर अमल के बजाय कि उसे पूरी शक्ति से ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़ना चाहिए, लगातार ब्रिटिश कम्युनिस्ट पार्टी के एजेंडे पर चलती रही। इसके फलस्वरूप स्वतंत्रता संघर्ष में अपनी भूमिका को तार्किक परिणति नहीं दे सकी। आजादी के बाद माकपा को ज्योति बसु के रूप में देश को पहला वामपंथी प्रधानमंत्री देने का अवसर हाथ लगा तो भी उसने साफ इनकार कर दिया। तब वामदलों के विरोधियों व शुभचिंतकों दोनों को कहना पड़ा कि वामदलों की ट्रेन छूट गई है। ज्योति बसु को भी बाद में इसे हिमालय जैसी भूल बताना पड़ा। यह भी वामपंथ द्वारा स्थितियों के गलत आकलन के कारण ही हुआ कि जब उन्हें राजीव गांधी व मनमोहन सिंह प्रवर्तित नई आर्थिक नीतियों से लड़ना चाहिए था, उन्होंने अपनी सारी शक्ति उस सांप्रदायिकता से लड़ने में ही लगा दी, जो जनविरोधी आर्थिक नीतियों का ही उत्पाद थी, इस अर्थनीति के साथ ही स्वतः खत्म हो जाती। आश्चर्य है कि उनके लड़ते-लड़ते नई अर्थनीति और सांप्रदायिकता दोनों 'अजेय' हो गईं और मनमोहन के राज में अमेरिका से परमाणु करार के विरोध में सरकार से समर्थन वापस लेने का नुकसान भी अकेले वामपंथ को ही उठाना पड़ा। वामपंथी ऐसी भूलें नहीं करते तो आज प्रायः सारी मध्यवर्गी पार्टियों से निराश देश उन्हें खासी उम्मीद के साथ निहारता। वे कह पाने की स्थिति में होते कि अब हमारी बारी है। अभी तो वे विरोधियों की लगातार बढ़ती जा रही घृणा के साथ अपने गढ़ों तक में जनता का कोप झेल रहे हैं और फिर भी अपने अंतर्विरोध नहीं सुलझा पा रहे। आज भी, नवपूंजीवादी नीतियों से पूरे दम-खम के साथ दो-दो हाथ करने के बजाय इन संघर्ष विमुख दलों ने अपनी क्रांतिकामना को भी कर्मकांड बना डाला है। उनके शिविरों में कर्मकांडों के तौर पर ऐसी कई और चीजें चलती रहती हैं। मसलन, देश को वामजनवादी विकल्प देने के लिए काम करना, व्यापक वामपंथी एकता के प्रयास तेज करना और गैरवामपंथी दलों से न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर रणनीतिगत समर्थन व सहयोग के रिश्ते बनाना आदि। इन कर्मकांडों का सच यह है कि वामदलों में एका के बजाय बिखराव बढ़ता जा रहा है और कई कम्युनिस्ट पार्टियां अपने महासचिवों की जेबों में रहकर उनकी बौद्धिक भूख के शमन का जरिया भर रह गई हैं। सच तो यह है कि आज वामदलों को पुनर्जीवन के लिए नए फार्मूलेशनों और रणनीतियों की सख्त जरूरत है क्योंकि पुरानी कम्युनिस्ट थीसिसों का नए बदलावों के परिप्रेक्ष्य में युगानुरूप परीक्षण किए बिना उनकी बात नहीं बनने वाली है। इस परीक्षण के अभाव का ही नतीजा है कि लगभग एक साथ सक्रिय होने वाली दो जमातों में जिस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि वह राजनीति से परे रहकर संस्कृति के ही क्षेत्र में काम करेगा, उसने काम करते-करते अपनी राजनीतिक फ्रंट की मार्फत लगभग सम्पूर्ण देश की राजनीति पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है और संस्कृति के क्षेत्र में काम से परहेज कर चौबीसों घंटे जनपक्षधर राजनीति करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां राजनीति के हाशिये पर चली जा रही हैं।

पश्चिम बंगाल के शोर में केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों की ओर देश का कुछ कम ही ध्यान जा रहा है। हालांकि राजनीतिक लिहाज से वे भी कुछ कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के हाथों वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की करारी हार के बाद वहां के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के इस्तीफे के साथ ही देश में वामपंथी सरकारों का दौर समाप्त हो गया है। यह पांच साल पहले ही खत्म हो जाता, अगर पिछले विधानसभा चुनाव में विजयन के कामकाज से खुश केरल के मतदाता उन्हें 'बख्श' नहीं देते। संस्कृति के क्षेत्र में काम से परहेज कर चौबीसों घंटे जनपक्षधर राजनीति करने वाली कम्युनिस्ट पार्टियां राजनीति के हाशिये पर चली जा रही हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्वाभिमान पर्व
नायब सिंह सैनी

हजार वर्षों की आस्था का प्रतीक सोमनाथ मंदिर

भारतीय समाज हमारी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति का अटूट संगम है। हमारे देश में अनेक ऐसे पूजनीय स्थल हैं, जो हमारी आस्था और संस्कृति को और मजबूत करते हैं। गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर केवल एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि यह भारत के आध्यात्मिक संकल्प का जीवंत प्रतीक है। भगवान शिव के बारह आदि ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्थान रखने वाला सोमनाथ मंदिर, भारत के पवित्र भूगोल में एक विशिष्ट स्थान रखता है। यह प्रत्येक भारतीय के जीवन में रचा-बसा हुआ है, जिसके बिना वह अपने अस्तित्व की कल्पना नहीं कर सकता। जैसा कि भारत सरकार 8 मई से 11 मई 2026 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मना रही है, जोकि सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व है। इस मंदिर ने सदियों तक आक्रमण और पुनर्निर्माण का एक अद्वितीय इतिहास देखा है। आक्रमण के बाद भी हर बार इसका पुनर्निर्माण हुआ, जो भारतीय समाज की अटूट आस्था और सांस्कृतिक चेतना का प्रमाण है। स्वतंत्रता के पश्चात सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों से मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ और 11 मई 1951 को इसका प्राण-प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न हुआ, जो भारत के सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक बना। इस पर्व को मनाने का यही मूल उद्देश्य है कि कितने ही उतार-चढ़ाव आए, परन्तु सोमनाथ हमारी अटूट आस्था का प्रतीक था और रहेगा। यह भारतीय जन मानस के हृदय में वास करता है। यह पर्व उन असंख्य महान विभूतियों को स्मरण करने का भी है जो सोमनाथ पर क्रूर हमलों के बावजूद उनके सम्मुख डट कर खड़े रहे। 1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में उन्हें सोमनाथ मंदिर की दुर्दशा व्यथित कर रही थी। 13 नवम्बर, 1947 को दिवाली के समय सरदार पटेल ने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया था 'इस (गुजराती) इस नव वर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ पर हमारा पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया। दुर्भाग्यवश सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पावन अवसर पर सोमनाथ के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की है, क्योंकि बीते 75 वर्षों में यह मंदिर केवल पुनर्निर्माण का प्रतीक नहीं रहा, बल्कि भारत के सांस्कृतिक आत्मविश्वास और अटूट आस्था का सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। नरेंद्र मोदी ने श्री सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष होने के नाते भी इस विरासत को संजोकर रखने और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक संकल्प लिया है। आज सोमनाथ मंदिर भव्य वास्तुकला, आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक विरासत का अद्वितीय संगम है। सोमनाथ मंदिर परिसर में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार, तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर प्रबंध, और सांस्कृतिक गतिविधियों का सशक्तिकरण निरंतर किया जा रहा है, जिससे यह पवित्र धाम आज आस्था के साथ-साथ पर्यटन और सांस्कृतिक समृद्धि का भी प्रमुख केंद्र बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के धार्मिक एवं तीर्थ स्थलों को विश्वविख्यात करके हिन्दू धर्म को प्रखर प्रतिनिधित्व दिया है। उन्होंने विकास भी विरासत भी के मूल मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन तक आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है, साथ ही, उनकी पारम्परिक पहचान को भी बरकरार रखा है। इसका साक्षात परिणाम है कि देश-विदेश के श्रद्धालु जिसमें बड़ी संख्या में युवा पीढ़ी भी इन धार्मिक स्थलों का दर्शन करने उमड़ रही है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने हिन्दू धर्म को पुनर्जीवित किया है जिससे अभिभूत होकर दुनियाभर के भारतीय अपनी जड़ों की ओर पुनः लौट रहे हैं तथा हिन्दू धर्म के महत्व को समझ रहे हैं। नरेंद मोदी का यही देश प्रेम का भाव हमें सदैव प्रेरित करता है। नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया है कि सोमनाथ के दर्शन करने से हमें उस अपराजित आत्मा का अनुभव होगा, जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। हमारी संस्कृति इतनी समृद्ध और जीवंत है कि आज भारत विश्व शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस अद्भुत धार्मिक शक्ति के दर्शन मात्र से ही आपको एक अविस्मरणीय अनुभूति होगी।

(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जितने भक्त, उतने ही भक्ति के रूप



संकलित
दर्शन

मानस में भक्त के चार प्रकार बताए गए हैं- ज्ञानी, जिज्ञासु, अर्थार्थी एवं आर्त। चार प्रकार के भक्तों की बात कह देना बहुत सरल है। भक्ति में वास्तविकता-अवास्तविकता का प्रश्न पहले नहीं उठाया जाता। जब तैरना सीख जाएंगे, तभी नदी में उतरेंगे, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इसका तो श्रीगणेश ही व्यक्ति की अपनी मान्यता से होता है। संसार सत्य है या असत्य? विषय को चाहना उचित है या अनुचित? प्रारंभिक स्थिति में इन विवादों की कोई आवश्यकता नहीं। यहां तो सीधा आमंत्रण है। तुम संकट से त्राण पाना चाहते हो! ये सब प्रभु से ही संभव है। ब्रह्म-सुख पाना चाहते हो, तो आओ, प्रारंभ कर दो प्रभु के चरणों में भक्ति। अर्थ और अभिलाषाओं की पूर्ति चाहते हो! रहस्य जानना चाहते हो! सब सर्वदा प्रभु द्वारा साध्य होगा।भय और लोभ की सहज वृत्ति से भक्ति का श्रीगणेश होता है। भगवान की जिज्ञासा भक्ति का मध्यभाग है। भगवान का सुख पाना, उसमें एक हो जाना, भक्ति की चरम परिणति है। भय से संत्रस्त आर्त हैं। लोभ से प्रेरित अर्थार्थी हैं। जानने की इच्छा वाला जिज्ञासु है। जान पाने वाला ज्ञानी है। मानस में-'ग्यानी प्रभुहि बिसेषि पिआरा' कहकर गोस्वामीजी ने पुष्ट कर दिया है। मानस में भक्तों की ओर देखें, तो साधारण से लेकर असाधारण चरित्र वाले अनेक पात्र हमारे सामने आते हैं। दशरथ, गीध, वाल्मीकि, शबरी, कोल, भील, वानर, निशाचर आदि सब वहां (भक्ति में) एक पंक्ति में खड़े हुए दिखाई देंगे। ऐसी उदारता, जो कि अन्यत्र असंभव है।

स्वयं को जीतना सिखाते स्वामी महावीर

संकलित
प्रेरणा

स्वामी महावीर जैसी आत्माएं अपनी यात्रा पिछले जन्म में ही पूरी कर चुकी होती हैं। इस जन्म में इस संसार में आने की प्रेरणा के पीछे उनकी अपनी कोई वासना नहीं है। सिर्फ करुणा कारण है। तीर्थंकर का अर्थ है, वह आत्मा जो राह दिखाने के लिए पैदा हुई है। साधारण आत्मा तीर्थंकर नहीं हो सकती, क्योंकि जो स्वयं मार्ग खोज रहा हो, वह मार्ग नहीं दिखा सकता। मार्ग क्या है, यह मंजिल पर पहुंच कर ही पता चलता है। मंजिल पर पहुंच जाना इतना कठिन नहीं है, जितना मंजिल पर पहुंच कर मार्ग पर वापस लौटना। ऐसी आत्माएं तीर्थंकर कहलाती हैं। तीर्थंकर का अर्थ है- वह मल्लाह, जो घाट से पार होने का रास्ता बताए। सच में जो विशिष्ट होता है, उसका प्रारंभिक जीवन घटना शून्य होता है, इसलिए क्योंकि वह लौटा है औरों के लिए, अपने लिए नहीं। बस वह चुपचाप बढ़ता चलता जाता है। चारों तरफ चुप्पी होती है और वह बड़ा होता जाता है। उस क्षण की प्रतीक्षा में जो वह देने आया है, वह दे दे। मेरी दृष्टि में उनको वर्धमान नाम ही इसलिए मिला कि जो चुपचाप बढ़ने लगा। जिसके आस-पास कोई घटना ही नहीं घटी, यानी जिसका बढ़ना इतना चुपचाप था, जैसे पौधे चुपचाप बड़े होते हैं, कलियां फूल बनती हैं। कहीं कोई शोर नहीं होता। शिक्षक पढ़ाने आए, तो उसने मना कर दिया और शिक्षकों ने भी पाया कि जो पढ़ाया जा सकता है, वह उसे पहले से ज्ञात है। दूसरी बात ध्यान में रख लेने जैसी है, अर्थपूर्ण है, जो मिथ, जो कहानी है, वह तो यह है कि वे ब्राह्मणी के गर्भ में थे और देवताओ ने गर्भ बदल कर क्षत्रिय गर्भ में पहुंचा दिया।

अंतर्मन



आज की पाती

मां में देख सकते हैं ईश्वर का रूप

मां का छोटा-सा शब्द अपने भीतर भावनाओं का महासागर समेटे है। मां केवल जन्मदात्री नहीं होती, वह जीवन की प्रथम शिक्षिका, प्रथम मित्र और प्रथम मार्गदर्शिका भी होती है। जब एक शिशु पहली बार रोता है, तो मां अपनी गोद और अपने स्पर्श से उसे पहली सुरक्षा देती है। मां की गोद ही बच्चे का पहला आश्रय बनती है। मां के लिए वैदिक और पौराणिक काल के ग्रंथों ने जो कहा है, वो आज भी यथावत है। वेदों ने मां को मानव जीवन में सबसे ऊंचा स्थान दिया है। वेदों से संहिताओं तक, वाल्मीकि रामायण से महाभारत तक, सारे ग्रंथों ने निर्विवाद रूप से माता को ही देवताओं से भी ऊपर माना है। जब शब्द कम पड़ जाते हैं और भावनाएं उमड़ने लगती हैं, तब मन अचानक ही मां को याद करता है। 11 मई को मदर्स डे पर मां की महती भूमिका को स्वीकार करने की जरूरत है। *– दिप्ती, रोहतक*

ट्रेंड

'सोनार बांग्ला' का संकल्प

पश्चिम बंगाल भाजपा विधानसभा की बैठक में भाजपा विधानसभा दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने जाने पर भारतीय जनता पार्टी के परिश्रमी नेता, सुवेंदु डब्ल्यूबी को शुभकामनाएं। निस्संदेह, आप 'सोनार बांग्ला' के संकल्प को पूरा करेंगे और विकास का एक नया अध्याय लिखेंगे।
- **शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषिमंत्री

जनहित में काम

प्रत्येक सार्वजनिक सुनवाई जनता के विश्वास, आशाओं और भावनाओं से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आम जनता का यही स्नेह और विश्वास हमें जनहित में काम करने के लिए निरंतर प्रेरित करता है।
- **सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हप्र

आवास जनगणना

'आवास जनगणना' के तहत स्व-गणना प्रपत्र लखनऊ स्थित सरकारी आवास में भरा गया। यह प्रक्रिया सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
-**केशव प्रसाद मौर्य,** डिप्टी सीएम, उप्र

सत्ता के घमंड में भाजपा

भाजपा समर्थकों के कुकर्मों का एक और घिनौना उदाहरण। सत्ता के घमंड में भाजपा समर्थक दरिंदे बन गए हैं। आज किसी की बहन-बेटी सुरक्षित नहीं है। जब जनता न्याय की मांग करे तो किससे? भाजपा ने अपने भ्रष्ट लोगों को हर जगह बिठा रखा है।
-**अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

करंट अफेयर

पोप 14वें के साथ स्थायी शांति के प्रयासों पर की चर्चा

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पोप लियो 14वें से मुलाकात की और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। रुबियो की वेटिकन यात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पोप लियो 14वें के बीच बढ़ते तनाव को कम करना और बिगड़े हुए रिश्तों को सुधारना है। रुबियो ने पोप 14वें और वेटिकन के विदेश मंत्री कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से मुलाकात की जो करीब ढाई घंटे तक चली। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगोट ने कहा कि रुबियो और पोप 14वें ने पश्चिम एशिया की स्थिति और पश्चिमी गोलार्ध में परस्पर हित के विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, इस बैठक ने अमेरिका और पोप के बीच मजबूत संबंधों और शांति एवं मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने की उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। पिगोट ने पैरोलिन से हुई मुलाकात के बारे में एक अलग बयान में कहा कि दोनों राजनयिकों ने पश्चिमी गोलार्ध में चल रहे मानवीय प्रयासों और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों पर चर्चा की। बयान में कहा गया है कि इस चर्चा में धार्मिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने में अमेरिका और पोप के बीच अटूट साझेदारी प्रदर्शित होती है।

ऑफ बीट

92 लाख से अधिक परिवारों ने स्वगणना का किया उपयोग

जनगणना के पहले चरण के दौरान अब तक 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 92 लाख से अधिक परिवारों ने आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना (एसई) सुविधा का उपयोग किया है। अधिकारियों ने बताया कि स्व-गणना सुविधा भारत के महापंजीयक (आरजीआई) द्वारा शुरू की गई अपनी तरह की प्रथम पहल है, जो नागरिकों को जनगणना के पहले चरण के दौरान जनगणना से संबंधित प्रश्नों का ऑनलाइन उत्तर देने की सुविधा प्रदान करती है। भारत के पंजीयक और जनगणना आयुक्त ने को दिल्ली में जनगणना के पहले चरण - गृह सूचीकरण और आवास जनगणना (एचएलओ) - के लिए जन जागरूकता अभियान के तहत छह जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी क्षेत्रों के लिए एचएलओ चरण 15 मई को समाप्त हुआ, जबकि राष्ट्रीय राजधानी के शेष हिस्सों में यह 14 जून, 2026 तक जारी रहेगा। सरकार द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है, ''जनगणना जागरूकता वाहन दिल्ली भर जायेंगे तथा जनगणना में भागीदारी, स्व-गणना (एसई) सुविधा, जनगणना 2027 की प्रमुख विशेषताओं और क्षेत्र भ्रमण के दौरान गणनाकर्ताओं के साथ जनता के सहयोग के महत्व के बारे में संदेश देंगी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
हैदराबाद	11	7	4	14
पंजाब	10	6	3	13
बेंगलुरु	10	6	4	12
राजस्थान	10	6	4	12
गुजरात	10	6	4	12
चेन्नई	10	5	5	10
कोलकाता	10	4	5	9
दिल्ली	11	4	7	8
मुंबई	10	3	7	6
लखनऊ	10	3	7	6

ऑरेंज कैप

हेनरिक क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

एलेन के आक्रामक शतक से केकेआर ने दिल्ली को हराकर उम्मीदें कायम रखी

कोलकाता की लगातार चौथी जीत, कैपिटल्स को 8 विकेट से दी मात

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

फिन एलेन के 47 गेंद में नाबाद शतक और अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में 'करो या मरो' के मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर प्लेआफ की उम्मीदें कायम रखी है। पहले गेंदबाजी करते हुए केकेआर ने दिल्ली को आठ विकेट पर 142 रन पर रोक दिया था। जवाब में जीत का लक्ष्य 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया जिसमें 'इंपैक्ट सब ' एलेन ने 47 गेंद में पांच चौकों और दस छक्कों की मदद से नाबाद सौ रन बनाये। एलेन ने मुकेश कुमार को छक्का लगाकर तिहरे अंक को छुआ और टीम को जीत भी दिलाई। इस जीत के बाद केकेआर दस मैचों में नौ अंक लेकर सातवें स्थान पर पहुंच गई है जबकि दिल्ली 11 मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर है। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली के बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पाथुम निसांका (29 गेंद में 50 रन) तथा सातवें नंबर पर उतरे आशुतोष शर्मा (28 गेंद में 39) को छोड़कर कोई टिककर नहीं खेल सका। बीच के ओवरों में एक बार छह ओवर से अधिक कोई बाउंड्री नहीं लगी और आखिरी ओवर में भी तीन ही रन बने। केकेआर के लिये नारायण ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। वरूण चक्रवर्ती ने चार ओवर में 28 रन दिये जबकि अनुकूल रॉय ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाये।

> इस हार के बाद दिल्ली प्लेऑफ रेस से लगभग बाहर

दिल्ली-142/8 (20)

खिलाड़ी	रन
निसांका स्ट रघुवंशी बो रॉय	50
लोकेश का ग्रीन बो त्यागी	23
नीतिश राणा का नारायण बो ग्रीन	8
समीर का पावेल बो नारायण	3
ट्रिस्टन स्टब्स बो रॉय	2
अक्षर पटेल का रॉय बो अरोड़ा	11
आशुतोष का रहाणे बो त्यागी	39
विपराज निगम नाबाद	3
मिचेल स्टार्क रन आउट	0
लुंगी एंगिडि नाबाद	1

अतिरिक्त : दो रन
योग : 20 ओवर में आठ विकेट पर 142
विकेट पतन : 1-49, 2-74, 3-80, 4-85, 5-89, 6-128, 7-140, 8-140
गेंदबाजी : रॉय 4-0-31-2, अरोड़ा 3-0-29-1, नारायण 4-0-17-1, त्यागी 4-0-25-2, वरूण 4-0-28-0, ग्रीन 1-0-12-1

फिन एलेन बने मैन आफ द मैच

कोलकाता-147/2 (14.2)

खिलाड़ी	रन
अजिंक्य रहाणे रन आउट	13
फिन एलेन नाबाद	100
अंगकृष रघुवंशी बो पटेल	1
कैमरन ग्रीन नाबाद	33

अतिरिक्त : 0
योग : 14 .2 ओवर में दो विकेट पर 147 रन
विकेट पतन : 1-29, 2-31
गेंदबाजी : स्टार्क 3-0-31-0, पटेल 4-0-27-1, एंगिडि 2-0-7-0, निगम 2-0-34-0, कुलदीप 3-0-41-0, मुकेश 0.2-0-7-0

खबर संक्षेप

संधू ने पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला

बार्सिलोना। भारतीय गोल्फर युवराज संधू ने यहां एस्ट्रेला डैम कैटालून्या चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर बने हुए हैं। वह पहले दौर में शीर्ष पर चल रहे शॉन नौरिस (65) से चार शॉट पीछे हैं। वहीं दो अन्य भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा (71) और वीर अहलावत (75) को काफी कठिनाई हुई। पहले दौर के बाद शर्मा संयुक्त 70वें और अहलावत संयुक्त 136वें स्थान पर बने हुए हैं।

एस्टन विला यूरोपा लीग के फाइनल में

लंदन। जॉन मैकगिन के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 4-0 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। यह पिछले 44 वर्षों में पहला अवसर है जबकि एस्टन विला ने यूरोप के किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इंग्लैंड की दो टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल में एस्टन विला ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा था। वह सेमीफाइनल के पहले चरण में 0-1 से हार गया लेकिन आखिर में 4-1 के कुल स्कोर से जीत दर्ज करने में सफल रहा। एस्टन विला 20 मई को इस्तांबुल में होने वाले फाइनल में जर्मन क्लब फ्रीबर्ग से भिड़ेगा। फ्रीबर्ग ने सेमीफाइनल के दूसरे चरण में ब्रागा को 3-1 से हराकर कुल 4-3 से जीत हासिल की। एस्टन विला 1982 में यूरोपा कप में बायर्न म्यूनिख पर जीत हासिल करने के बाद से पहली बार यूरोप के किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में खेलेगा।

धोनी का विकेट लेने व ज्यादा जश्न पर वह नाराज हो गए थे : अश्विन

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने शुक्रवार को खुलासा किया कि अपने करियर के शुरुआती दौर में चैलेंजर ट्रॉफी में महेंद्र सिंह धोनी को आउट करने के बाद जरूरत से ज्यादा जश्न मनाने पर यह पूर्व भारतीय कप्तान नाराज हो गया था। जियोस्टार के 'द रविचंद्रन अश्विन एक्सपीरियंस' कार्यक्रम में इस ऑफ स्पिनर ने याद किया कि उन्हें लगा था कि धोनी को आउट करने से उन्हें आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलने का मौका मिल सकता है। अश्विन ने कहा, ''सीएसके की टीम में मुथैया मुरलीधरन थे। एक दिग्गज खिलाड़ी जो अपने कोटे के पूरे ओवर कर रहे थे। इसलिए मुझे (सीएसके के लिए खेलने के) मौके नहीं मिल रहे थे। मैं 2008 में नहीं खेला, लेकिन 2009 में मुझे केपटाउन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सचिन तेंदुलकर के सामने अपना पहला मैच खेलने का मौका मिला।

फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराया

विश्व कप तीरंदाजी: सिमरनजीत व साहिल ने भारत को पदक की दौड़ में बनाए रखा

एजेंसी ▶▶ शंघाई

रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं। एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं। हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था। सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा।

उनके सामने अब सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी कांग चेयॉन्ग की चुनौती होगी। यह उनके करियर की सबसे कठिन चुनौती है।

पुरुषों में अतनु दास का प्रदर्शन सबसे खराब रहा

भारतीय पुरुषों में पूर्व नंबर एक अतनु दास का प्रदर्शन सबसे खराब रहा और वह बांग्लादेश के मोहम्मद मिशाद प्रधान के हाथों पहले ही दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पारंपरिक रूप से भारत की ताकत मानी जाने वाली कंपाउंड स्पर्धाओं में पहले बड़ी निराशा हाथ लगी थी क्योंकि कोई भी भारतीय टीम पदक राउंड तक नहीं पहुंच सकी।

कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप

रुद्रांक्ष पाटिल ने रोहित कन्यान को हराकर स्वर्ण पदक जीता

एजेंसी ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल ने हरियाणा के रोहित कन्यान की कड़ी चुनौती को पार करते हुए शुक्रवार को यहां कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र के इस युवा निशानेबाज ने फाइनल में 252.9 का स्कोर करके शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि कन्यान ने 251.9 के साथ रजत पदक जीता। पश्चिम बंगाल के बैदुरिया बिस्वास को 230.8 से कांस्य पदक मिला। पश्चिम बंगाल के अश्मित चटर्जी ने 251.0 के स्कोर के साथ जूनियर पुरुष वर्ग का खिताब जीता जबकि उत्तर प्रदेश के पीयूष शर्मा ने 250.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता।हरियाणा के रोहित कन्यान ने 229.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। पश्चिम बंगाल के अभिनव साव ने 254.4 के स्कोर के साथ युवा वर्ग का खिताब जीता और हरियाणा के प्रियांशु (249.7) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। हरियाणा के जतिन लांबा ने 228.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

शतरंज

रैपिड में कारुआना को हराकर चौथे स्थान पर रहे डी गुकेश

एजेंसी ▶▶ वारसॉ (पोलैंड)

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराकर संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। पिछले कुछ महीनों से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले गुकेश ने इस तरह से फॉर्म में वापसी की। रैपिड वर्ग के बाद अब ब्लिट्ज वर्ग में 18 दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। रैपिड के अंतिम दिन 19 वर्षीय गुकेश ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ हार के साथ शुरुआत की और फिर आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ ड्रॉ खेला। अमेरिकी खिलाड़ी हैंस मोके नीमन ने 13 अंकों के साथ इस वर्ग का विजेता बनकर इतिहास रचा। नीमन ने अपने हमवतन वेस्ली सो को पूरे एक अंक से पीछे छोड़ा। फेडोसेव 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। गुकेश ने कहा, ''रैपिड वर्ग में मेरा प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा। मैंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन मैं कुछ मौके चूक गया।

अंडर-17 महिला एशियाई कप: भारत ने इतिहास रचा, लेबनान को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

भाषा ▶▶ सुझोउ (चीन)

भारत ने शुक्रवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप बी मैच में लेबनान के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत के साथ पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके शानदार उपलब्धि हासिल की। भारत का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना तब पक्का हो गया जब फिलीपींस और चीनी ताइपे अपने आखिरी ग्रुप सी मैच को 12 या उससे ज्यादा गोल के अंतर से जीतने में नाकाम रहे। थाईलैंड के साथ भारत तीसरे नंबर की दो सबसे अच्छी टीमों में से एक के तौर पर अंतिम आठ में पहुंचा। भारत ने ग्रुप चरण तीन अंक और-1 (माइनस 1) के गोल अंतर से खत्म किया जो ग्रुप सी में फिलीपींस के-13 (माइनस 13) से काफी ज्यादा है। सूझोउ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए मैच में भारत की ओर से प्रीतिका बर्मन ने छठे और 85वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि अल्वा देवी सेंजाम ने 36वें मिनट और जया ने 72वें मिनट में गोल कर टीम को ऐतिहासिक उपलब्धि के करीब पहुंचा दिया था। भारत ने 2005 के बाद इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत और पहले गोल भी दर्ज किए। साथ ही यह एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में टीम का नॉकआउट चरण के लिए पहला क्वालीफिकेशन भी है। महिला फुटबॉल में 2004 में एएफसी अंडर-19 चैंपियनशिप के बाद यह भारत का पहला एशियाई कप नॉकआउट चरण है। टीम 2004 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। अब क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना सोमवार को मेजबान चीन से होगा, जो ग्रुप ए में नौ अंक के साथ शीर्ष पर है। क्वार्टर फाइनल में जीत से भारत का मोरक्को में होने वाले 2026 फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में क्वालीफिकेशन पक्का हो जाएगा जो किसी भी स्तर पुरुष या महिला टूर्नामेंट में मेरिट के आधार पर भारत का पहला फीफा विश्व कप क्वालीफिकेशन होगा। भारत को इससे पहले जापान ने 3-0 जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से हराया था।

ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में होगा

नई दिल्ली। टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य देश में लोकप्रिय हो रही शतरंज संस्कृति का लाभ उठाना है। जीसीएल ने कहा कि मेजबान शहर की घोषणा जल्द की जाएगी। इस आयोजन का तीसरा सत्र पिछले दिसंबर में मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसमें एल्पाइन एसजी पाइपर्स टीम चैंपियन बनी थी। लीग ने खेल के प्रारूप में बदलाव किया है। रैपिड प्रारूप के मुकाबलों, मिश्रित टीमों और कड़े प्रतिस्पर्धी मैचों के जरिए इसे दर्शकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने की कोशिश की जा रही है। ग्लोबल शतरंज लीग के आयुक्त गौरव रक्षित ने कहा, ''खेल के प्रति भारत का जुनून और इसका तेजी से बढ़ता शतरंज पारिस्थितिकी तंत्र इसे लीग के लिए एक स्वाभाविक गंतव्य बनाता है। हम एक और रोमांचक सत्र का इंतजार कर रहे हैं, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और वैश्विक प्रशंसक वर्ग को एक साथ लाएगा।''

बहु-खेल आयोजनों में 'छुट्टी मनाने' वाले अधिकारियों को वापस बुलाया जाएगा: मंत्रालय

नई दिल्ली। भारत के खेल प्रशासकों को चेतावनी दी गई है कि जो लोग बहु-खेल आयोजनों को 'वेतनभोगी अवकाश' की तरह लेंगे उन्हें प्रतियोगिता के बीच से ही वापस बुला लिया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को उनकी 'लापरवाही' के कारण नुकसान नहीं हो। देश आगामी राष्ट्रमंडल खेलों (जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में) और एशियाई खेलों (सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया) की तैयारियों में जुटा है और अंतिम रूप दिए जाने वाले दल में अधिकारियों की संख्या काफी अधिक होगी। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि खिलाड़ियों के साथ-साथ अधिकारियों के प्रदर्शन पर भी दोनों आयोजनों के दौरान कड़ी नजर रखी जाएगी। राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, ''मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जो लोग खिलाड़ियों का समर्थन करने के अपने कर्तव्य में कोताही बरतते हैं और छुट्टियां मनाते पाए जाते हैं, उन्हें वापस बुलाने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमने वाले किसी भी व्यक्ति को तुरंत वापस बुला लिया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''मंत्रालय का मानना है कि हर 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता प्राप्त कार्ड) महत्वपूर्ण है और यह केवल उन्हीं को मिलना चाहिए जो किसी खिलाड़ी के प्रदर्शन में योगदान दे सकें।''

आकाशवाणी के नौ दशक पूरे होने के अवसर पर आयोजित की गयी दौड़

नई दिल्ली। (भाषा) सार्वजनिक सेवा प्रसारण के 90 वर्ष पूरा होने के अवसर पर शुक्रवार को आकाशवाणी ने राजधानी में एक दौड़ का आयोजन किया और इस अवसर पर प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा कि भविष्य में भी आकाशवाणी की आवाज गूंजती रहेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस दौड़ में जिसमें 500 से अधिक धावकों ने भाग लिया। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) द्विवेदी ने औपचारिक रूप से इस ''मैराथन'' को हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। इस अवसर पर द्विवेदी ने कहा कि आकाशवाणी का अपना इतिहास रहा है और भविष्य में भी आकाशवाणी की आवाज गूंजती रहेगी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य 1936 में स्थापित ''ऑल इंडिया रेडियो'' की अब तक की अपनी यात्रा का जश्न मनाना है। यह दौड़ 3.5 किलोमीटर की रही, जो आकाशवाणी भवन से शुरू होकर भारतीय वायु सेना मुख्यालय तक और फिर वापस आकाशवाणी भवन तक आयी। दौड़ में पुरूषों की श्रेणी में पहले स्थान पर सशस्त्र सीमा बल के हेमकिशोर रहे, जबकि दूसरे स्थान पर भी सशस्त्र सीमा बल के ही आनंद रहे। तीसरे स्थान पर भारत तिब्बत सीमा पुलिस के स्टैनजिन जेकमेट रहे। महिलाओं की श्रेणी में पहले और दूसरे स्थान पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की भूमिका वार्ष्णेय और कमलेश बाली रहीं, जबकि तीसरे स्थान पर सशस्त्र सीमा बल की स्नेहा रहीं। आकाशवाणी के कर्मचारियों ने इस मैराथन में हिस्सा लिया, जिसमें मुरुगन, सोमपाल और रणधीर ठाकुर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। विजेताओं को ट्रॉफी और पदक प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को उनकी उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए पदक दिए गए।

गुजरात आज जयपुर में जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा

राजस्थान से आगे निकलने की कोशिश में टाइटंस

एजेंसी ▶▶ जयपुर

आत्मविश्वास से ओतप्रोत गुजरात टाइटन्स शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात की टीम की स्थिति लगभग समान है।

इन दोनों ने अब तक 10 मैचों में छह जीत और चार हार दर्ज की हैं। रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट (0.510) के कारण गुजरात से आगे है। गुजरात टाइटन्स ने हालांकि लगातार तीन जीत हासिल की हैं और वह शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है।

रॉयल्स पिछले पांच मैचों में तीन में हारा

रॉयल्स को अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में कप्तान रियान पराग के 90 रन की मदद से छह विकेट पर 225 रन बनाए थे लेकिन उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाए थे। यह लगातार दूसरा मौका था जब रॉयल्स 220 से अधिक के स्कोर का बचाव नहीं कर पाया।

राजस्थान की बल्लेबाजी मजबूत

राजस्थान हालांकि वैभव (404 रन), यशस्वी (312) और यहां तक कि ध्रुव जुरेल (290) जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के कारण काफी मजबूत है, लेकिन उसका मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इन बल्लेबाजों में केवल डोनोवन फरेरा (229) ही 150 या उससे अधिक रन बना पाए हैं।

रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में किया अपना 100वां गोल

रियाद। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग में अपना 100वां गोल किया, जिससे अल-नासर ने अल-शबाब को 4-2 से हराकर तालिका में शीर्ष पर पांच अंकों की बढ़त बना ली। इस 41 वर्षीय फॉरवर्ड ने गुरुवार को मैच समाप्त होने से 15 मिनट पहले साडियो माने के क्रॉस पर हुए गोल किया जो उनके करियर का 971वां गोल है। यह इस सत्र में लीग में उनका 26वां गोल भी था। चेल्सी के पूर्व खिलाड़ी जोआओ फेलिक्स ने अल-नासर की तरफ से तीन गोल किए। इस जीत से अल-नासर के 32 मैचों में 82 अंक हो गए हैं, जो दूसरे नंबर पर काबिज अल-हिलाल से पांच अंक अधिक हैं। अल-हिलाल को अभी तीन मैच खेलने हैं जो अल-नासर से एक अधिक है। पांच बार के बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल-नासर से जुड़े थे लेकिन उनकी मौजूदगी में इस टीम ने सऊदी अरब में अभी तक कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीती है।

उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां.अभि./कै.एवं वै., अम्बाला के द्वारा ई–टेंडर संख्या 116S-WC-05-MC-4-2026-27 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसके बंद होने की तिथि व समय **27.05.2026, 15:00 बजे** है, जो उसी दिन **15:05 बजे** वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
ई निविदा सूचना सं. 116S-WC-05-MC-4-2026-27

क्र. सं.	कार्य का नाम	एडवरटाईज्ड वैल्यू	धरोहर राशि	कार्य की अवधि	निविदा खुलने की तिथि
1	चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 से 6 पर CAMTECH पैटर्न के अनुसार क्विक वाटरिंग सिस्टम की व्यवस्था।	रु. 5,68,85,849.39	रु. 11,37,700	12 माह	27.05.2026

नोट: 1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. निविदा सूचना/निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
संख्या: 116S-WC-05-MC-4-2026-27 दिनांक: 05.05.2026 1542/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खबर संक्षेप

कश्मीरः तस्करी से अर्जित 6.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में मादक पदार्थों की तस्करी से कथित तौर पर अर्जित की गयी 6.5 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों को शुक्रवार को कुर्क कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत अब तक की यह सबसे बड़ी कुर्की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया, "मादक पदार्थों के नेटवर्क के खिलाफ निरंतर और आक्रामक कार्रवाई को जारी रखते हुए पुलिस ने अनंतनाग के दूनीपोरा संगम के निवासी बशीर अहमद मीर और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68-एफ के तहत कुर्की की कार्यवाही शुरू की।"

चीन में नए राजदूत ने परिचय-पत्र की प्रति सौंपी

बीजिंग। चीन में भारत के नए राजदूत विक्रम दोराईस्वामी ने सहायक विदेश मंत्री हांग लेई को



अपने परिचय-पत्र की प्रति सौंपी है। दोराईस्वामी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के एक साल पूरे होने पर दूतावास में आयोजित एक समारोह में भी हिस्सा लिया। वर्ष 1992 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी दोराईस्वामी अपना नया कार्यभार संभालने पिछले रविवार को बीजिंग पहुंचे थे जहां वरिष्ठ चीनी और भारतीय अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया था।

इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट, 3 की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के एक दूरस्थ द्वीप पर स्थित माउंट डुकोनो ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन पर्वतारोहियों की मौत हो गई। उत्तर हलमाहेरा के पुलिस प्रमुख एर्लिचसन पासारिबू ने बताया कि सुरक्षा प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए, लगभग 20 पर्वतारोही गुरुवार को हलमाहेरा द्वीप पर स्थित लगभग 1,355 मीटर (4,445 फुट) ऊंचे ज्वालामुखी पर चढ़ाई करने के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर सिंगापुर के दो नागरिकों और इंडोनेशिया के एक नागरिक की मौत हो गई।

शादी में मिठाई खाने के बाद 100 से ज्यादा बीमार

जयपुर। राजस्थान के कोटपूतली-बहरोड़ जिले में शुक्रवार को एक शादी समारोह में बनी मिठाइयां खाने के बाद बच्चों समेत 100 से ज्यादा लोगों की तबीयत कथित तौर पर खराब हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना विराटनगर इलाके के ढाणी गैसकान में हुई जहां समारोह के दौरान परोसी गई मिठाइयां खाने के बाद 105 ग्रामीणों ने उल्टी और पेट दर्द की शिकायत की।

अमेरिका की फेडरल ट्रेड कोर्ट से राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ा झटका

फैसला 2-1 के बहुमत से पारित

ग्लोबल टैरिफ की घोषणा गैरकानूनी सीमा का उल्लंघन किया, आदेश रद्द

कोर्ट ने फैसला सुनाया कि यह कानून 1970 के दशक में मौजूद अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली से जुड़े विशेष 'भुगतान-संतुलन' संकटों से निपटने के लिए बनाया गया था, न कि आधुनिक व्यापार घाटे के लिए

राष्ट्रपति ट्रंप ने इसी साल फरवरी में लगाए थे ये ग्लोबल टैरिफ

'व्यापार अधिनियम' की धारा 122 का गलत इस्तेमाल किया

फेडरल कोर्ट परिसर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका की फेडरल ट्रेड कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप के ग्लोबल टैरिफ की घोषणा को गैरकानूनी करार देते हुए उसे रद्द करने का फैसला सुनाया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने 10 प्रतिशत ग्लोबल टैरिफ की घोषणा की थी। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने 1974 के एक व्यापार कानून के तहत अपनी अधिकार सीमा का उल्लंघन किया है। 2-1 के बहुमत वाले फैसले में, अमेरिका की फेडरल कोर्ट ने कहा कि ट्रंप प्रशासन 1974 के 'व्यापार अधिनियम' की धारा 122 का इस्तेमाल व्यापक व्यापार और चालू खाते के घाटे को आधार बनाकर टैरिफ लगाने के लिए नहीं कर सकता। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि यह कानून 1970 के दशक में मौजूद अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली से जुड़े विशेष 'भुगतान-संतुलन' संकटों से निपटने के लिए बनाया गया था, न कि आधुनिक व्यापार घाटे के लिए। जज मार्क ए. बार्नेट और क्लेयर आर. केली ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप की घोषणा यह साबित करने में विफल रही कि कानून के जरिए आवश्यक शर्तें पूरी हुई हैं।

कानून का सीमित परिस्थितियों में करना था उपयोग

अदालत ने कहा कि प्रशासन ने 'भुगतान-संतुलन घाटे' की बजाय चालू खाते के घाटे और व्यापार घाटे का हवाला दिया, जबकि 1974 में कांग्रेस का उद्देश्य सीमित परिस्थितियों में ही इस प्रावधान का उपयोग करना था। जजों ने चेतावनी दी कि इस तरह की व्यापक व्याख्या को स्वीकार करने से राष्ट्रपति को प्रभावी रूप से असीमित टैरिफ लगाने का अधिकार मिल जाएगा।

एक जज सहमत

इस फैसले पर जज टिमोथी स्टैंसियू ने राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा के समर्थन में खड़े थे। उन्होंने तर्क दिया कि कोर्ट को राष्ट्रपति के आर्थिक निर्णयों पर सवाल नहीं उठाना चाहिए और न ही यह संकीर्ण रूप से परिभाषित करना चाहिए कि भुगतान-संतुलन घाटे को कैसे मापा जाता है।

मामला फिर पहुंचेगा सुप्रीम कोर्ट

अब इस फैसले को अमेरिकी कोर्ट ऑफ अपील्स फॉर द फेडरल सर्किट में चुनौती दिए जाने की संभावना है और मामला दोबारा सुप्रीम कोर्ट तक भी पहुंच सकता है। बता दें कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फरवरी में ये टैरिफ लगाए थे। इसी साल की शुरुआत में भी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप की पिछली टैरिफ व्यवस्था को रद्द कर दिया था। नए टैरिफ की घोषणा धारा 122 के तहत की गई थी, जो 150 दिनों के लिए 15 प्रतिशत तक का अस्थायी आयात अधिभार लगाने की अनुमति देती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा पहले टैरिफ खारिज किए जाने के बाद ट्रंप ने व्हाइट हाउस में नाराजगी जताते हुए कहा था, हम आगे बढ़ते रहेंगे। हम ज्यादा पैसा लाने में सफल होंगे। ट्रंप ने धारा 122 को अपने पास मौजूद बहुत शक्तिशाली विकल्पों में से एक बताया था।

दो कंपनियों ने दी थी चुनौती

यह मामला दो आयातक कंपनियों बर्लेप और बैरल और खिलौना कंपनी बेसिक फन के साथ-साथ वॉशिंगटन राज्य द्वारा अदालत में चुनौती दिए जाने के बाद सामने आया। अदालत ने इनके पक्ष में फैसला सुनाया। हालांकि कुछ अन्य डेमोक्रेटिक राज्यों की याचिकाएं तकनीकी आधार पर खारिज कर दी गईं।

कानूनी बहस तेज

इस बीच ट्रंप की कार्यकारी शक्तियों के इस्तेमाल को लेकर राजनीतिक और कानूनी बहस भी तेज हो गई है। कई आलोचकों, यहां तक कि कुछ रिपब्लिकन नेताओं ने भी कहा है कि टैरिफ लगाने का संवैधानिक अधिकार कांग्रेस के पास है, न कि व्हाइट हाउस के पास। सीनेट में रिपब्लिकन नेता मिच मैककोनेल पहले ही कह चुके हैं कि कांग्रेस को दरकिनार कर आपातकालीन शक्तियों के जरिए टैरिफ लागू करना गैरकानूनी है।

ट्रंप का ईयू को अल्टीमेटम

4 जुलाई तक ट्रेड डील मंजूर नहीं हुई तो बढ़ेंगे टैरिफ

इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय संघ (ईयू) को बड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा है कि अगर यूरोपीय संघ ने पिछले साल हुए व्यापार समझौते को 4 जुलाई तक मंजूरी नहीं दी, तो अमेरिका यूरोप से आने वाले सामान पर भारी टैरिफ यानी आयात शुल्क बढ़ा देगा। इस बयान के बाद अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच व्यापारिक तनाव फिर बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से बहुत अच्छी बातचीत हुई है। इसके बाद उन्होंने यूरोप को कुछ और समय देने का फैसला किया। इससे पहले ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि यूरोपीय कारों पर 25 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया जा सकता है। अब माना जा रहा है कि उन्होंने फिलहाल उस फैसले को टाल दिया है।

सूरीनाम में विदेश मंत्री जयशंकर बोले

चुनौतीपूर्ण दुनिया में विश्वसनीय साझेदारी से ही 'प्रगति' संभव

सूरीनाम में विदेश मंत्री एस. जयशंकर का संबोधन

एजेंसी ▶▶ पारामारिबो

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर कैरेबियन के तीन देशों के चल रहे दौरे पर हैं, जो 2 से 10 मई तक चलेगा। इस दौरान जयशंकर ने सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो में में 'प्रगति के लिए साझेदारी' विषय पर भाषण दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक चुनौतीपूर्ण दुनिया में भी प्रगति आवश्यक है। और यह साझेदारी के माध्यम से ही सर्वोत्तम रूप से प्राप्त की जा सकती है। सूरीनाम के विदेश मंत्री मेल्विन बौवा की उपस्थिति में जयशंकर ने वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था में तेजी से बदलते समीकरणों को लेकर चिंता जताई। आज दुनिया में वित्त, तकनीक, कनेक्टिविटी और भूगोल तक को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

सूरीनाम के विकास में भारत सहयोगी

सूरीनाम समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बड़ी शक्तियां अब बाजार, संसाधनों और प्रभाव का इस्तेमाल अपने रणनीतिक हितों को साधने के लिए कर रही हैं। भारत और सूरीनाम जैसे देश एक अधिक समावेशी और संतुलित वैश्विक व्यवस्था देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बदलती विश्व व्यवस्था में भरोसेमंद साझेदारी और वैश्विक सहयोग की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। भारत सूरीनाम के विकास पथ में भागीदार बनेगा और संयुक्त रूप से भारत के इतिहास का अगला अध्याय लिखेगा। कोविड महामारी का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि उस समय कई देशों ने वैक्सीन का जमाखोरी की थी।

बिहार में वज्रपात, आंधी-तूफान और पेड़ गिरने से सात की मौत, केदारनाथ में भी बर्फबारी

पटना (भाषा)। बिहार में शुक्रवार को वज्रपात, आंधी-तूफान और पेड़ गिरने की घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए। वज्रपात की घटनाओं में भोजपुर, पटना, समस्तीपुर और पूर्वी चंपारण जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। आंधी-तूफान और तेज बारिश के दौरान पेड़ गिरने से पटना में दो तथा वैशाली में एक व्यक्ति की जान चली गई। उत्तराखंड में आज भी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। केदारनाथ में भी गुरुवार को ताजा बर्फबारी हुई।

खराब मौसमः लखनऊ में आपातकालीन लैंडिंग

लखनऊ (भाषा)। खराब मौसम के चलते कोलकाता से पटना जा रही इंडिगो की एक उड़ान को शुक्रवार को लखनऊ हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी। हवाई अड्डा के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शुक्रवार दोपहर पटना में अचानक मौसम खराब हो गया, जिससे उड़ान संचालन प्रभावित हुआ।

भारत की फ्रांस और यूएई संग त्रिपक्षीय बैठक

एआई, अंतरिक्ष और सांस्कृतिक विरासत पर सहयोग करने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान में जारी भीषण तनाव के बीच भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री संयुक्त अरब अमीरात पहुंचे। अबूधाबी में विदेश सचिव मिस्त्री ने फ्रांस और यूएई के साथ त्रिस्तरीय बैठक की। विक्रम मिस्त्री ने दोनों देशों के अपने समकक्षों से मुलाकात की और कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक का मुख्य फोकस एआई, अंतरिक्ष और सांस्कृतिक विरासत पर था। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने यूएई के अंतरराष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री रीम अल हाशिमी और फ्रांस के यूरोप और विदेश मंत्रालय के सेक्रेटरी जनरल मार्टिन ब्रायन्स के साथ 7 मई, 2026 को अबू धाबी में भारत-यूएई-फ्रांस त्रिपक्षीय मीटिंग में हिस्सा लिया। इस बात पर सहमति बनी कि त्रिपक्षीय सहयोग को विधिवत ढंग से आगे बढ़ाया जाए।

यूएई के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा

विक्रम मिसरी और यूएई की रीम अल हाशिमी

इससे पहले विदेश सचिव ने रीम अल हाशिमी और मुबाडाला इन्वेस्टमेंट कंपनी के एमडी और सीईओ खलदून अल मुबारक से मुलाकात की।

सेना और नगर प्रशासन ने गुलमर्ग में फंसे 20 पर्यटकों को बचाया

श्रीनगर। सेना और नगर प्रशासन ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग के ऊपरी इलाकों से आठ बच्चों समेत 20 पर्यटकों को बचाया, जो एक निजी हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण फंस गए थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छह पुरुष, छह महिलाएं और आठ बच्चे दो स्थानीय गाइड के साथ स्कीइंग के लिए बर्फ से ढके इलाके में गए थे।

बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ रही हिंसा चिंताजनक

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। 2025 में हिंसा में भारी उछाल के बाद इस साल भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, जिससे लोगों में सुरक्षा को लेकर डर और असुरक्षा का माहौल है। अवामी लीग ने आरोप लगाया कि देशभर में लगभग हर दिन

रेप, गैंगरेप, यौन उत्पीड़न और ऐसे अपराधों के बाद हत्याओं की खबरें आ रही हैं। ये घटनाएं अलग-अलग मामले नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय आपात स्थिति का संकेत हैं।

स्किल्ड वर्कर्स के लिए भारत पसंदीदा देश, भारतीयों में असाधारण योग्यताः लॉडी

न्यूयॉर्क। जर्मनी के बहुपक्षीय मामलों के कमिश्नर फ्लोरियन लॉडी के अनुसार जर्मनी की देश-विशिष्ट माइग्रेशन नीति के तहत भारत पसंदीदा देश है। उन्होंने भारत को स्किल्ड कामगारों के सबसे महत्वपूर्ण सोर्स में से एक बताया। भारत के यूएन मिशन की ओर से आयोजित 'माइग्रेशन गवर्नेंस में डिजिटल इनोवेशन का फायदा उठाना' विषय पर आधारित कार्यक्रम के दौरान लाउडी ने कहा

कि दोनों देशों के बीच बेहतरीन सहयोग एक 'ट्रिपल विन है- माइग्रेंट्स के लिए, मेजबान जर्मनी के लिए जहां श्रमिकों की कमी है, और भारत के लिए जिसके पास बड़ी संख्या में कार्यबल उपलब्ध है।

चीन ने पहली बार माना सच

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक सेना को पहुंचाई थी मदद

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने इस बात की पुष्टि की है कि पिछले साल भारत के खिलाफ लड़ाई में उसने पाकिस्तान की मदद की थी। इस लड़ाई के एक साल बाद पहली बार चीन ने पाकिस्तान को तकनीकी सहायता की बात स्वीकारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच बीते साल 7 से 10 मई तक चार दिन तक भीषण सैन्य संघर्ष देखने को मिला था। भारत ने पहलगाम के आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में हमले किए थे। चार दिन की लड़ाई के बाद 10 मई को दोनों पक्ष सीजफायर पर राजी हुए थे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी ने झांग हेंग का इंटरव्यू दिखाया है। झांग ने इंटरव्यू में कहा कि उनके देश ने लड़ाई के दौरान पाकिस्तान को जे-10सीई विमान के लिए तकनीकी सहायता दी थी। झांग एविएशन इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन ऑफ चाइना के चेंगदू एयरक्राफ्ट डिजाइन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट में इंजीनियर हैं। यह संस्थान चीन में लड़ाकू विमानों और मानवरहित हवाई वाहनों (UAV) का डेवलपर है।

▶▶ हमारे लिए मानसिक और शारीरिक दोनों ही तरह से एक बहुत बड़ी परीक्षा थी

पाकिस्तान के पास चीनी जेट

पाकिस्तान की वायु सेना चीनी-निर्मित जे-10सीई जेट का बेड़ा संचालित करती है, जिन्हें एवीआईसी की एक सहायक कंपनी ने बनाया है। भारत के साथ संघर्ष के दौरान इसके जेट मैदान थे और पाकिस्तानी एयरफोर्स चीनियों की मदद से भारतीय लड़ाकू विमानों का सामना कर रही थी। पाकिस्तान को चीन से मदद के बारे में कई रिपोर्ट सामने आई हैं लेकिन चीन से पहली बार इस पर आधिकारिक पुष्टि सामने आई है। झांग ने अपनी बातचीत में कहा कि सहायता अड्डे पर हम अक्सर उड़ान भरते लड़ाकू जेट्स की गड़गड़ाहट और हवाई हमले के सायरन की चीखें सुनते थे। मई के महीने मे सुबह देर होते-होते तापमान पहले ही 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच जाता था। हम कह सकते हैं कि यह लड़ाई (भारत-पाक संघर्ष) हमारे लिए मानसिक और शारीरिक दोनों ही तरह से एक बहुत बड़ी परीक्षा थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28